

# दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-180 | इटावा, रविवार 30 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### ओबीसी आरक्षण को 4 श्रेणियों में बांटने की अनुशंसा?

**नई दिल्ली।** जस्टिस रोहिणी आयोग पिछड़ा वर्ग वर्गीकरण की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को सौंपने जा रहा है। रिपोर्ट को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिन के अंदर ही यह सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी जाएगी। 2017 में इस आयोग का गठन हुआ था।इस आयोग का कार्यकाल 15 बार बढ़ाया गया है। भारत में ओबीसी की करीब 2700 जातियां हैं।मौजूदा आरक्षण नियमों के तहत पिछड़ा वर्ग जातियों के लिए कुल 27 फीसदी आरक्षण निर्धारित किया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछड़ा वर्ग की सभी 27 जातियों को 4 वर्गों में बांटा गया है। जिन्हें अभी तक एक बार भी आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। इन जातियों की संख्या लगभग 1500 बताई जा रही है।

### ईडी ने शीतल, उनके परिवार के सदस्यों और जिनेंद्र मगदुम की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने धोखाधड़ी के मामले में 40.22 करोड़ रुपये की अंचल संपत्तियां जब्त की है। ये संपत्तियां शीतल कुमार मनेरे, उनके परिवार के सदस्यों और शीतल जिनेंद्र मगदुम की हैं। आरोपी ने कथित तौर पर रियल एस्टेट कारोबार में निवेश करने के बहाने एक कारोबारी से 525 करोड़ रुपये की ठगी की है। कुर्क कुल 12 संपत्तियों में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में स्थित भूमि, वाणिज्यिक परिसर, पवन चक्की, आवासीय अपार्टमेंट और घर शामिल हैं। ईडी ने हुबली में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन कानून के तहत जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मनेरे ने अन्य आरोपियों के साथ साजिश रचकर शिकायतकर्ता संजय दानचंद घोड़ावत से दोस्ती कर उस रियल एस्टेट परियोजनाओं में 525 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

### अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में पूर्व राष्ट्रपति डॉ.कलाम के योगदान कौन भूल सकता है- अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। यह दृष्टिकोण प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और दिवंगत राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का था। डॉ कलाम, मेमोरीज नेवर डाई पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित कर शाह ने भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लिए उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कलाम की सराहना की। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे छात्रों, युवाओं और उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं। कलाम का अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों का सपना पीएम मोदी के नवाचारों और नई पहलों से पूरा होगा।

# म.प्र.लगातार दूसरी बार टाइगर स्टेट, अब यहां 785 बाघ:- 4 साल में 259 टाइगर बढ़े

संवाददाता ■ भोपाल

मध्य प्रदेश को लगातार दूसरी बार टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है। 2022 की गणना में यहां 785 बाघ पाए गए। पिछली गणना 4 साल पहले 2018 में हुई थी। तब यह संख्या 526 थी। इसमें अब 259 टाइगर बढ़ गए हैं। मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क ने मैनेजमेंट इफेक्टिवनेस इवैल्यूशन में देश के टॉप 5 टाइगर रिजर्व में जगह बनाई है। इंटरनेशनल टाइगर डे पर 29 जुलाई को यह रिपोर्ट जारी की गई। मध्य प्रदेश तीसरी बार टाइगर स्टेट बना है। सबसे पहले 2006 में टाइगर स्टेट बना था।



### चिंता यह कि सबसे तेजी से जंगल खत्म हो रहा

मध्य प्रदेश में लगातार कटते जंगल बाघों के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। यहां पिछले 5 साल में हर दिन औसतन 10 हेक्टेयर जंगल खत्म हो रहा है। यह जानकारी केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने 28 जुलाई को कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा के सवाल पर संसद में दी। उनके मुताबिक, देश में सबसे ज्यादा जंगल रक्क में खत्म हो रहे हैं। 2018 से 2023 के बीच रक्क में 19,270 हेक्टेयर जंगल खत्म हुआ।

### केंद्रीय मंत्री तोमर बोले- मध्यप्रदेश की जनता को बधाई

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, मप्र सर्वांगीण विकास के लिए जाना जाता है। आज प्रसन्नता का विषय है कि एक बार फिर मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है।

# गृहमंत्री के दौरे से पहले भोपाल पहुंचे तोमर-यादव

### आज आएंगे शाह, पिछली बैठकों का फॉलोअप लेंगे



संवाददाता ■ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को भोपाल आएंगे। इससे पहले शनिवार को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और भूपेंद्र यादव भोपाल पहुंचे। वे दिनभर बीजेपी नेताओं के साथ बैठकें करेंगे।

दोपहर साढ़े 12 बजे दोनों केंद्रीय मंत्री भोपाल पहुंचे। तोमर मध्यप्रदेश बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और यादव प्रदेश चुनाव प्रभारी हैं। राजा भोज एयरपोर्ट पर उनका विधायक रामेश्वर शर्मा, पार्टी जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने स्वागत किया। इसके बाद दोनों केंद्रीय मंत्री बीजेपी ऑफिस पहुंचे। यहां दिनभर पार्टी नेताओं से चर्चा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात हो सकती है।

### आज सुबह पहुंचेंगे गृहमंत्री

शेड्यूल के मुताबिक अमित शाह 30 जुलाई की सुबह भोपाल पहुंचेंगे और दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। इसी दिन इंदौर जाने का प्रोग्राम है। वे इंदौर संभाग के मंत्री, विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों सहित चुनिंदा 100 कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। इस बैठक में अमित शाह इंदौर संभाग की मौजूदा परिस्थितियों और राजनीतिक हालातों को लेकर चर्चा करेंगे। इस बैठक की फीडबैक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।

# भाजपा का मिशन 2024: अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने किया नई टीम का ऐलान

## अनुभवी एवं नए चेहरों को प्राथमिकता, जातिय एवं क्षेत्रिय संतुलन का रखा ध्यान

एजेंसी ■ दिल्ली/भोपाल

पांच राज्यों में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार (29 जुलाई) को अपनी नई टीम का ऐलान किया। केंद्रीय पदाधिकारियों की नई टीम की लिस्ट में कुल 38 नाम हैं। इसमें नए और पुराने चेहरों का समन्वय बैठाया गया है।

इसके मुताबिक, बीएल संतोष राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बने रहेंगे। शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों डॉ. रमन सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रघुबर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। मध्य प्रदेश से सौदान सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कैलाश विजयवर्गीय को राष्ट्रीय महामंत्री का पद दिया गया है। कांग्रेस से आए अनिल एंटनी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। अनिल कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे हैं।



### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

- रमन सिंह छत्तीसगढ़
- वसुंधरा राजे राजस्थान
- रघुबर दास झारखंड
- सौदान सिंह मध्य प्रदेश
- बैजयंत पांडा ओडिशा
- सरोज पांडे छत्तीसगढ़
- रेखा वर्मा उत्तर प्रदेश
- डीके अरुणा तेलंगाना
- एम चौबा एओ नगालैंड
- अब्दुल्ला कुट्टी केरल
- लक्ष्मीकांत वाजपेई उत्तर प्रदेश
- लता उसेंडी छत्तीसगढ़
- तारिक मंसूर उत्तर प्रदेश

### राष्ट्रीय सचिव

- विजया राहटकर महाराष्ट्र
- सत्या कुमार आंध्र प्रदेश
- अरविंद मेनन दिल्ली
- पंकजा मुंडे महाराष्ट्र
- डॉ. नरेन्द्र सिंह रैना पंजाब
- अल्का गुर्जर राजस्थान
- अनुपम हाजरा पश्चिम बंगाल
- ओमप्रकाश धुर्वे मध्य प्रदेश
- ऋतुराज सिन्हा बिहार
- आशा लाकड़ा झारखण्ड
- कामख्या प्रसाद असम
- सुरेन्द्र सिंह नागर उत्तर प्रदेश
- अनिल एंटनी केरल

### राष्ट्रीय महामंत्री

- अरुण सिंह उत्तर प्रदेश
- कैलाश विजयवर्गीय मध्य प्रदेश
- दुष्यंत कुमार गौतम दिल्ली
- तरुण चुग पंजाब
- विनोद तावड़े महाराष्ट्र
- सुनील बंसल राजस्थान
- संजय बंदी तेलंगाना
- राधामोहन अग्रवाल उत्तर प्रदेश

### इस टीम की 4 बड़ी बातें

- नई टीम में 13 राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं। 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 8 राष्ट्रीय महामंत्री भी बनाए गए हैं।
- यूपी से सबसे ज्यादा 6 नाम हैं। सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, रेखा वर्मा, लक्ष्मीकांत बाजपेई और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर हैं। तारिक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर रहे हैं। इनके अलावा राधामोहन अग्रवाल, अरुण सिंह को भी जिम्मेदारी दी गई है।
- तेलंगाना से संजय बंदी को टीम शामिल किया गया है। एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में इस साल के आखिर तक चुनाव होने हैं।
- मध्यप्रदेश से तीन नेताओं को उनके पद पर बरकरार रखा गया है। कैलाश विजयवर्गीय राष्ट्रीय महामंत्री बने रहेंगे। इसी तरह सौदान सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ओमप्रकाश धुर्वे भी राष्ट्रीय सचिव के पद पर बरकरार रहेंगे।
- इनकी छुट्टी हुई- आंध्र प्रदेश के प्रभारी सुनील देवधर, सीटी रवि और दिलीप सैकिया को भी महामंत्री पद से हटाया गया है। सह कोषाध्यक्ष पद से मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता को हटाया गया है। उनकी जगह नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

# लॉ कमीशन को यूसीसी पर 80 लाख रिस्पॉन्स मिले: विचार भेजने के लिए 2 हफ्ते और दिए थे, इसमें 30 लाख सुझाव बढ़े

एजेंसी ■ नई दिल्ली




यूनिफॉर्म सिविल कोड देशभर चर्चा में है। इसको लेकर लॉ कमीशन ने लोगों, संस्थाओं और संगठनों से सुझाव मांगे थे। सुझाव देने की आखिरी तारीख 28 जुलाई थी। इसमें 80 लाख सुझाव आए है। लॉ कमीशन ने कहा है कि अब सुझाव के लिए तारीख आगे नहीं बढ़ेगी। अब लॉ कमीशन इन सुझावों पर विचार करेगा। 14 जुलाई को लॉ कमीशन के एक अधिकारी ने तारीख आगे बढ़ाते हुए कहा था कि छूट पर लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स है। तारीख बढ़ाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों से काफी आवेदन आए। हमने (लॉ कमीशन) लोगों और संगठनों की मांग का सम्मान करते हुए दो हफ्ते का समय बढ़ाया है। 14 जुलाई तक लॉ कमीशन को लगभग 50 लाख सुझाव मिले थे।

लॉ कमीशन ने 14 जून 2023 को एक नोटिस जारी कर सुझाव मांगे थे। भारतीय नागरिक, धार्मिक-सामाजिक संगठन और राजनैतिक पार्टियां इसमें सुझाव दे सकते थे। जारी नोटिस में पूछा गया था कि क्या भारत में यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत है या नहीं? अगर हां तो क्यों जरूरी है और नहीं तो क्यों जरूरी नहीं है। 21वें लॉ कमीशन ने भी यूनिफॉर्म सिविल कोड पर देशभर से विचार बुलाए थे।

# तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका, 8 की मौत: कृष्णागिरी जिले की घटना

### आसपास के घर और दुकानों को भी नुकसान हुआ

एजेंसी ■ कृष्णागिरी

तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में शनिवार को पटाखा बनाने की यूनिट में धमाका हो गया। इसमें तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि जिले के पझायापेट्टई में पटाखा बनाने की यूनिट में सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ। 2 महिला मजदूर पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाले बारूद को उठाकर ले जा रही थीं। तभी उसमें धमाका हो गया। यूनिट में करीब 12-15 मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कई घायल हो गए। कितने लोग घायल हुए यह सही संख्या अभी पता नहीं चल सकी है। धमाके से लगी आग ने आसपास के घर और दुकानों को भी चपेट में ले लिया। तीन घरों को नुकसान पहुंचा है।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में 2 बस टकराईं: 6 की मौत

संवाददाता ■ मुंबई/बुलढाणा

महाराष्ट्र के बुलढाणा में दो प्राइवेट बसें टकरा गईं। हादसे में 2 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई, वहीं 20 लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट शनिवार रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट पर मलकापुर कस्बे के एक फ्लाईओवर पर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से एक बस अमरनाथ यात्रा से लौटकर हिंगोली जा रही थी। वहीं, दूसरी बस नासिक की तरफ जा रही थी। नासिक की ओर जा रही बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान वह सामने से आ रही बस से टकरा गई। हादसे के बाद जिले के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। कुछ समय के लिए फ्लाईओवर पर ट्रैफिक भी रोका गया। तीन अमरनाथ यात्री की एक अन्य सड़क हादसे में घायल हो गए.

# उत्तराखंड नमामि गंगे प्रोजेक्ट हादसा- अर्थिंग में खामी मिली: मजिस्ट्रियल जांच में खुलासा, हादसे में 16 लोगों की मौत हुई थी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उत्तराखंड के चमोली में अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे ऑफिस के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में अर्थिंग में खामी की वजह से करंट फैला था। 19 जुलाई को हुए इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 7 लोग घायल हुए थे। इस हादसे में 22 लोग करंट की चपेट में आए थे। मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। चमोली के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी ने शनिवार को अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि STP प्लांट की व्यवस्था बिजली मानकों के मुताबिक नहीं थी। STP का रखरखाव करने वाली दो कंपनियों को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने पर इन कंपनियों को ब्लेकलिस्ट करने की सिफारिश की गई है।

### सीएम ने घायलों को आर्थिक मदद का ऐलान किया था

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 19 जुलाई को चमोली पहुंचकर घटनास्थल का दौरा किया था। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की थी। उन्होंने हादसे में मरने वालों के परिजन को 5 लाख और घायलों को 1 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया था। चमोली के DSP प्रमोद साहा ने बताया था कि घटनास्थल के पास एक लोहे के फेंसिंग थी, जिसे वहां मौजूद लोग पकड़े हुए थे। अचानक उसमे करंट फैलने से सभी लोग उसकी जद में आ गए। मरने वालों में एक केयर टेकर भी था। सुबह करीब 11.30 बजे प्लांट में लगी लोहे की रेलिंग में करंट उतर आया। जिससे 15 लोगों की मौत हो गई।

### मॉब लिंचिंग के मामलों की सुनवाई के लिए सुको सहमत

# याचिका में कहा- मामलों को हाईकोर्ट्स ना भेजें, अतिरिक्त मुआवजे की भी मांग

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गौहत्या के नाम पर मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पिटाई) के मामले में 28 जुलाई को सुनवाई के लिए सहमति जताई है। यह याचिका नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन ने दायर की थी। यह याचिका मॉब लिंचिंग मामलों को हाईकोर्ट में भेजने के खिलाफ थी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित 6 राज्यों के DGP को नोटिस जारी किया है। इसमें बिहार, उड़ीसा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और मध्य प्रदेश शामिल है।

NFIW की तरफ से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे है। NFIW कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़ा हुआ है। कपिल सिब्बल ने कहा- अगर लिंचिंग के मामलों की हाईकोर्ट्स में सुनवाई होती तो मुझे वहां जाना पड़ता। ऐसे में पीड़ित को क्या मिलता? 10 साल में बस 2 लाख रुपए का मुआवजा। 2018 के तहसीन पूनावाला केस में जारी गाइडलाइन के बावजूद मॉब लिंचिंग जैसे मामले सामने आ रहे है। ऐसे में क्या ही किया जा सकता है, हम कहां जाएंगे?

# देश के 14 हजार पुराने स्कूल स्मार्ट बनेंगे, पांच साल में मिलेंगे 27 हजार करोड़ रुपए: पीएम

एजेंसी ■ नई दिल्ली



नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तीन साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान अखिल भारतीय शिक्षा समागम में पहुंचे। दो दिन तक चलने वाला यह कार्यक्रम भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है, जिसका इनॉगरेशन प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई को किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 14 हजार 500 पुराने स्कूलों को स्मार्ट बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री स्कीम के तहत दी जाने वाली रकम की पहली किस्त जारी की। कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि यह शिक्षा ही है जो देश की किस्मत बदलने की ताकत रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने ट्रेडिशनल नॉलेज सिस्टम और भविष्य की तकनीक को समान महत्व दिया है। हमारी शिक्षा प्रणाली आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए भारत की परंपराओं को संरक्षित कर रही है। मुझे खुशी है कि हम चर्चा और संवाद की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री स्कीम का पूरा नाम प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया है। इसके तहत देश के 14 हजार 500 पुराने स्कूलों का अपग्रेडेशन करके उन्हें आधुनिक विद्यालयों में बदलना है। इससे स्कूलों को मॉडर्न बनाकर बच्चों को स्मार्ट एजुकेशन से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत साल 2022-23 से 2026 तक पांच साल में इन स्कूलों पर कुल 27 हजार 360 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# I.N.D.I.A. के 21 सांसद मणिपुर में हिंसा पीड़ितों से मिले

## वायरल वीडियो केस में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की, ट्राइबल फोरम ने चिट्ठी लिखी

एजेंसी ■ इंफाल

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस के 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार (29 जुलाई) को मणिपुर पहुंचा। इसके बाद सांसदों का दल चूराचांदपुर पहुंचा। यहां उन्होंने रिलीफ कैंप में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की।

ये सांसद 30 जुलाई तक यहां रहेंगे और जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे। राज्य में तीन महीनों से जारी हिंसा और यहां के लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को अपनी राय भी देंगे।

इस बीच, मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में सीबीआई ने शनिवार (29 जुलाई) को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। केंद्र सरकार ने 27 जुलाई को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात सुप्रीम कोर्ट को बताई थी। साथ ही हलफनामा दायर कर मामले की सुनवाई मणिपुर से बाहर कराने की अपील भी की थी।



उधर, मणिपुर की राजधानी इंफाल में मैतेई समुदाय की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शांति की अपील की और कहा कि कुकी समुदाय के लिए प्रशासन अलग से कोई नियम ना बनाए। इस बीच राज्यपाल अनुसूइया उइके रिलीफ कैंप में जाकर हिंसा पीड़ितों से मिलीं। यहां उन्होंने एक महिला को गले लगाकर ढांढस बंधाया।

### I.N.D.I.A. के सांसदों के दल को चिट्ठी

मणिपुर दौरे पर गए विपक्षी संगठन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस के दल को इंडीजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने चिट्ठी लिखी है। इसमें बताया है कि तीन महीने से राज्य में जातीय हिंसा भड़की है। राज्य के सैन्यागार से हजारों हथियार लूटे गए हैं। राज्य के इकलौते हाईवे को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते सबसे बड़े जिले चूराचांदपुर में रोजमर्रा की चीजों की कमी हो गई है।




## केवल कानून बनाने और दंडित करने से नहीं रुकेगी दरिंदगी

देश की राजधानी नई दिल्ली में एक दशक पहले निर्भया के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। जिस तरह से उस बालिका के साथ दुष्कर्म और दरिंदगी की गई थी, उससे पूरा देश दहल गया था। आनन-फानन में कई कानून बनाए गए। फांसी देने तक के प्रावधान किए गए। इसके बाद भी दरिंदगी पर रोकथाम नहीं लगी है। उल्टे यह दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। केवल कानून बना देने और उसमें कड़े दंड के प्रावधान कर देने से महिलाओं और बच्चियों के साथ जो दरिंदगी हो रही है। उसे रोक पाना शायद ही संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और परिवार को भी सोचना होगा कि यह दरिंदगी कहां से आ रही हैं। भोली-भाली बच्चियों के साथ लोग इतने अत्याचार कैसे कर लेते हैं। पिछले वर्षो में छोटी-छोटी सी बच्चियों के साथ जिस तरह से दरिंदगी की गई है, उससे भारत की सामाजिक व्यवस्था की सोच उजागर हो रही है। घटनाओं को रोकने के लिये कानून बनाए गए थे। निर्भया फंड की स्थापना की गई थी। बड़े-बड़े दावे किए थे। कड़े कानून से अपराध करने वालों के साथ कड़ाई से निपटा जाएगा। यौन अपराधों पर नियंत्रण होगा। पिछले 11 वर्षो के परिणामों पर नजर डालें, तो यौन अपराध और दरिंदगी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। यह कैसे कम होगी, हम कानून बनाकर भूल गए हैं कि इससे अपराध पर नियंत्रण हुआ है या नहीं। अपराध बढ़ने के कौन कौन से कारण हैं। उन कारणों को दूर करने की दिशा में शासन, प्रशासन और सामाजिक स्तर पर कोई प्रयास किए गए हैं या नहीं।

सोशल मीडिया और इंटरनेट इस तरह की अपराधिक घटनाओं के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार माने जा रहे हैं। आज अधिकांश लोगों के पास स्मार्टफोन है। स्कूल में बच्चों को स्मार्टफोन ले जाना और स्मार्टफोन के माध्यम से पढ़ाई करना आवश्यक हो गया है। इंटरनेट पर अश्लील वेबसाइट की भरमार मची हुई है। गूगल, यूट्यूब और अन्य ऐप के माध्यम से बच्चों और समाज के सभी वर्ग को आसानी के साथ पोर्न वीडियो का शिकार बनाया जा रहा है। बहुत कम उम्र में यौन संबंध के हजारों मामले सामने आ चुके हैं। एकल परिवार के कारण बच्चे अपना अधिकांश समय स्मार्टफोन में बिताते हैं। समाज के सभी उम्र के लोगों में इंटरनेट के कारण अश्लील वेबसाइट इत्यादि चाहे और अनचाहे रूप में देखने को मिलती है। धीरे-धीरे इसका नशा इस तरह से चढ़ जाता है, कि मन और मस्तिष्क कुंठित होकर रह जाता है। ऐसी कुंठित समाज में इस तरह के अपराधों पर नियंत्रण कानून और दंड से कर पाना शायद ही संभव होगा। यदि दरिंदगी पर वास्तविक तौर पर नियंत्रण करना है, तो समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारी, इंटरनेट पर क्या उपलब्ध होगा, इसके लिए सरकार की जिम्मेदारी तय की जानी जरूरी है। सरकार के मुखिया और जांच अधिकारी इंटरनेट पर जाकर देखें कि अश्लील सामग्री बड़ी मात्रा में सभी वर्ग को उपलब्ध है। गूगल के सर्च इंजन, यूट्यूब के सर्च इंजन के माध्यम से जिस तरह की मानसिकता भारतीय समाज की पैदा की जा रही है, वही यौन अपराधों को बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका अदा करती हुई नजर आ रही है। सरकार और महिला संगठन यदि सोचते हैं कि दरिंदगी और यौन अपराधों को कानून बनाकर अथवा दंडित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है, तो यह बेमानी है। यदि ऐसा होता तो अभी तक यौन अपराधों पर नियंत्रण पा लिया गया होता। नियंत्रण की बात तो दूर, यौन अपराध और दरिंदगी बढ़ती जा रही हैं। कड़े कानूनों के कारण यौन अपराध करने वाले लोग दरिंदगी करते हैं। सबूत को मिटाने के लिए महिलाओं और बच्चियों को मार डालने तक का कुकृत्य करते हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के साथ उनकी जान भी जा रही है। पिछले वर्षो में एक तरफा कानून बनाए गए हैं। उसके बाद कानूनों का दुरुपयोग भी बड़े पैमाने पर होने लगा है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट भी सरकार का ध्यान आकर्षित कर चुकी है। जो विशेष कानून विशेष वर्ग को संरक्षण देते हैं, उनका बड़े पैमाने में भारत में दुरुपयोग होने लगता है। महिलाएं अब बलात्कार के आरोप कई वर्षो तक यौन संबंधों में रहने के बाद यौन अपराध दर्ज कराती हैं। लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। इस तरह के अपराधों की बाढ़ सारे देश में देखने को मिल रही है। कानून और नियम जो भी बनाए जाए, वह सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। यदि कोई अपराध करता हुआ पाया जाता है, तो उसे उस अपराध की कड़ी से कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए। लेकिन कानून की आड़ में सुनियोजित अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगती हैं। तो इस तरह नियम और कानून बनाने से सरकार को बचना भी चाहिए। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं तथा योन अपराधों को रोकने के लिए समग्र चिंतन किए जाने की जरूरत है। स्मार्ट फोन ने 12 से 14 वर्ष की उम्र में बच्चे बालिग होने लगे हैं। को-एजुकेशन के कारण लड़के और लड़कियां एक साथ रहने और ज्यादा से ज्यादा एकांत मिलने लगा है। परिवार बहुत छोटे हो गए हैं। कम उम्र के बच्चों में भी आम सहमति से यौन संबंध बन जाते हैं। हम हर मामले में यूरोपीय देशों की नकल करने के लिए तैयार बैठे हैं। यौन संबंधों को लेकर अभी भी हम पश्चिमी सभ्यता के स्थान पर दशकों पुरानी भारतीय मानसिकता के आधार पर सोचते हैं, यह गलत है। वर्तमान संदर्भ में पाश्चात्य संस्कृति में जिस तरह से यौन संबंधों को लेकर नियम-कायदे कानून बने हुए हैं। हमें उनसे भी सीख लेने की जरूरत है। तभी जाकर इस तरह की दरिंदगी पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। कड़े कानून और दंड से अपराध नियंत्रित नहीं होते हैं।

## भारत में प्रजातंत्र और राष्ट्रवादः क्या सोचती है दुनिया

लेखक - राम पुनियानी



मणिपुर में जारी हिंसा के शिकार मुख्यतः निर्दोष लोग हो रहे हैं। वे शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राएं जारी हैं। अपने पूर्व कार्यकाल (2014-19) में उन्होंने विदेश यात्राओं का रिकॉर्ड बनाया था। अपने दूसरे कार्यकाल में कोविड-19 महामारी के कारण उनकी विदेश यात्राओं पर कुछ रोक लगी थी परन्तु महामारी समाप्त होते ही वे एक बार फिर दुनिया भर में घूम रहे हैं। प्रधानमंत्री की यात्राओं के बारे में यह प्रचार किया जाता है कि उनसे दुनिया में भारत की छवि बेहतर हो रही है और मोदी पूरी दुनिया के महान नेता के रूप में उभर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि दुनिया यह मान गयी है कि भारत न केवल प्रजातंत्र का जनक है वरन एक सफल और जीवंत प्रजातंत्र भी है।

दुनिया में कई ऐसी स्वतंत्र संस्थाएं हैं जो विभिन्न देशों में प्रजातान्त्रिक आजादियों की स्थिति पर नज़र रखती हैं। इन सूचकांकों में भारत का स्थान गिरता ही जा रहा है और अधिकांश में वह सबसे निचले पायदान के करीब है। कई मुस्लिम-बहुल देश नरेन्द्र मोदी को सम्मानित कर रहे हैं परन्तु इन सभी के शासक तानाशाह हैं और केवल व्यापारिक और रणनीतिक कारणों से भारत से जुड़ रहे हैं। उनकी तुलना अमरीका और फ्रांस जैसे पश्चिमी प्रजातंत्रों से नहीं की जा सकती।

पश्चिमी प्रजातंत्रों की दुविधा सबके सामने है। उन्हें आर्थिक, राजनैतिक और सामरिक कारणों से भारत से रिश्ते बनाने पड़ रहे हैं और वे भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन और विशेषकर अल्पसंख्यकों की स्थिति पर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं। मोदी से पहले के दौर में भारत के पश्चिम से रिश्ते अलग किस्म के थे। भारत गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन करता था, देश में प्रजातंत्र जडें पकड़ रहा था और अल्पसंख्यकों की स्थिति उतनी ख़राब नहीं थी जितनी कि आज है। नेहरु वैश्विक मंचों पर अपनी बात प्रभावी ढंग से रखते थे और वे ईमानदारी से देश में प्रजातंत्र को मज़बूत बनाना चाहते थे। उनकी मेधा और प्रतिबद्धता की दुनिया कायल थी। तब से लेकर मनमोहन सिंह के कार्यकाल तक पश्चिमी मीडिया और संस्थान भारत की आतंरिक स्थिति के कभी इतने कड़े आलोचक नहीं रहे जितने की अब हैं। वर्तमान में अमरीका और फ्रांस के सरकारें भले की हमारे प्रधानमंत्री के लिए लाल कालीन बिछा रही हों परन्तु उनके ही देशों में भारत के शासक दल की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं क्योंकि ये नीतियां अल्पसंख्यकों को आतंकित करने वालीं हैं। प्रधानमंत्री की हालिया अमरीका और फ्रांस यात्रा में उच्च पदासीन लोगों ने भले ही उनकी जय-जयकार की हो परन्तु मोदी के खिलाफ विदेशों में आमजनों ने प्रदर्शन किये, कई प्रतिष्ठित समाचारपत्रों ने उनकी आलोचना करते हुए सम्पादकीय लिखे और यूरोपीय संसद सहित कई प्रमुख संस्थाओं ने उनके खिलाफ प्रस्ताव पारित किये। विरोध प्रदर्शनकारियों और प्रधानमंत्री से असहज करने वाले प्रश्न पूछने वालों को ट्रोल किया गया और भारत के अंदरूनी मामलों में दखलंदाजी करने के लिए उनकी आलोचना की गयी। परन्तु यह साफ़ है कि इन्टरनेट के युग में समाज के कमज़ोर वर्गो के साथ दुर्व्यवहार और भेदभाव या उनके खिलाफ अत्याचार को छुपाना मुश्किल है। दुनिया सिकुड़ रही है और निडर पत्रकारों और कार्यकर्ताओं की टोली ज़मीनी स्तर पर समाज के एक बड़े तबके के मानवाधिकारों के उल्लंघन का पर्दाफाश कर रही है। ऐसे मामलों को सरकार या तो नज़रअंदाज़ कर रही है या इस तरह के अन्याय को प्रोत्साहन दे रही है और दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। अमरीका में राष्ट्रपति जो बाइडन मोदी ने गले लगाया तो उन्होंने मोदी को व्हाइट हाउस में पत्रकार वार्ता संबोधित करने के लिए राजी कर लिया। बड़ी मुश्किल से मोदी दो प्रश्नों का जवाब देने के लिए राजी हुए। और इतने ही में उनकी कलई खुल गई। 'वालस्ट्रीट जर्नल' की सबरीना सिद्दीकी के उनसे पूछा कि उनके देश में मुसलमानों और ईसाईयों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के मद्देनज़र उनकी सरकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों, के साथ भेदभाव रोकने के लिए क्या कर रही है। बाइडन यह प्रश्न मोदी ने नहीं पूछ सकते थे क्योंकि वे भारत को दक्षिण एशिया में अमरीका का मित्र राष्ट्र बनाना चाहते हैं। भारत, पाकिस्तान का स्थान लेगा। पाकिस्तान ने कच्चे तेल के भंडारों पर नियंत्रण स्थापित करने सहित अमरीका के सभी उद्देश्यों और लक्ष्यों की पूर्ती में अपनी भूमिका का निर्वहन कर दिया है और अमरीका के लिए अब उसकी कोई उपयोगिता नहीं बची है। अब चीन की बढ़ती ताकत से मुकाबला करने के लिए अंकल सैम को भारत की दरकार है। सिद्दीकी के प्रश्न के उत्तर में मोदी ने कुछ सामान्य सी बातें कहीं ङ्क हम प्रजातंत्र हैं और भेदभाव नहीं करते आदि। इसके बाद भारत की सुप्रशिक्षित ट्रोल आर्मी को सिद्दीकी के पीछे छोड़ दिया गया। ट्रोलिंग इतनी भयावह थी कि व्हाइट हाउस के प्रवक्ता को उनके बचाव में आगे आना पड़ा। व्हाइट हाउस ने कहा कि वह पत्रकारों को इस तरह परेशान किये जाने को उचित नहीं मानता।

बाइडन जो नहीं कह सके उसे उनके पूर्ववर्ती बराक ओबामा ने कहा। सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ओबामा ने कहा कि अगर भारत में अल्पसंख्यकों को संरक्षण नहीं दिया गया तो देश टूट जायेगा। ओबामा को ट्रोल करने की ज़िम्मेदारी दलबदल कर भाजपा में शामिल हुए हेमंत बिस्वा सरमा ने निभायी। उन्होंने ओबामा के नाम में हुसैन शब्द जोड़ कर कहा कि भारत में बहुत से हुसैन ओबामा हैं जिनसे निपटा जाना है। मोदी के खिलाफ अनेक प्रदर्शन तो हुए ही, भारत में मुसलमानों, ईसाईयों, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचारों का विस्तृत विवरण देते हुए अरुंधती राय का लेख 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। अरुंधती ने इस लेख में अमरीका के पुराने दोस्तों की चर्चा की है। ÷अमरीका ने अपने साथी के रूप में जिन बेहतरीन महानुभावों को चुना है उनमें शामिल हैं ईरान के शाह, पाकिस्तान के जनरल मुहम्मद ज़िया-उल-हक, अफ़ग़ानिस्तान के मुजाहिदीन, ईराक के सद्दाम हुसैन, दक्षिण वियतनाम के कई छुटभैय्ये तानाशाह और चिली के जनरल ऑगुस्तो पिनोचे। अमरीका के विदेश नीति का आधार है- अमरीका के लिए प्रजातंत्र और उसके अश्वेत दोस्तों के लिए तानाशाही"। फ्रांस का मामला भी ऐसा ही है। राष्ट्रपति मैक्रॉन ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया और दोनों समृद्ध प्रजातंत्रों की दोस्ती की सराहना की। स्ट्रासबर्ग में लगभग उसी समय यूरोपीय पार्लियामेंट ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति, और विशेषकर मणिपुर में हिंसा, पर दुःख और चिंता व्यक्त करते हुए इस उत्तरपूर्वी राज्य में खूनखराबे पर छह प्रस्तावों पर चर्चा की और संकल्प पारित किया। इस संकल्प में ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों की 'प्रताड़ना' और हिन्दू बहुसंख्यकवाद पर चर्चा की गयी है। फ्रांस इस अग्रणी समाचारपत्र 'ले मोंडे' ने भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति और प्रजातान्त्रिक आज़ादियों में गिरावट की खुल कर निंदा की। अख़बार ने लिखा, ÷परन्तु क्या हम इस तथ्य को भुला सकते हैं कि मोदी ने नेतृत्व में भारत एक गंभीर संकट से गुज़र रहा है और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, एनजीओ और पत्रकारों पर हमलों में बढोत्तरी हो रही है?" इन अग्रणी और जानेमाने समाचारपत्रों की टिप्पणियों, आम लोगों के प्रदर्शन और बराक ओबामा जैसे लोगों की राय को हमें 'हमारे आतंरिक मामलों में दखलंदाजी' के रूप में लेना है या हमें आत्मचिंतन कर हमारे देश की प्रजातान्त्रिक संस्कृति और मूल्यों में क्षरण को थामने के प्रयास करने हैं? यह वह प्रश्न है जिसका हम सबको आने वाले समय में सामना करना है।

## लोकतंत्र में नेताओं की जनछबि का सवाल ?

लेखक - प्रभुनाथ शुक्ल

भारतीय लोकतंत्र जागरूक और मजबूत है। यह सुखद और भविष्य के लिए अच्छी बात है। लेकिन हमारे राजतंत्र में राजनेताओं की स्थिति और छबि क्या बनती जा रहीं है यह बड़ा सवाल है। लोकतंत्र को राजनेता नहीं जनता खुद धोखा दे रही है। जिसके हाथ में हम सत्ता सौंपने जा रहे हैं उसकी जनछबि क्या है। राजनीति में रहते हुए उसने कौन सा विकास कार्य किया है। पांच साल के लिए जिस पर हमने भरोसा जताया वह हमारे लिए कितना खरा उतरा। समस्याओं का समाधान एवं चुनावी वायदों की गाड़ी कहां तक पहुंची, इसका खूयाल हमें नहीं रहता। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया आयी एक रिपोर्ट हमारे जनतंत्र की होश उड़ाने वाली है। लेकिन, वह हमारे लिए इतनी चिंता का विषय नहीं होगी। हमें सिर्फ शोर में जीने की आदत हो गई है। हम जमीन पर खड़े हैं कि नहीं यह आंकलन भी हमें नहीं है। क्योंकि हम खुद ही अपनी चिंताओं में उलझे हैं कि देश और समाज की चिंता मुझे नहीं करनी है। क्या आपको पता है भारत की राज्य विधानसभाओं में जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उसमें 44 फ़ीसदी का रिकॉर्ड आपराधिक बताया गया है। उन पर अपराध से सम्बंधित कोई न कोई मुकदमा दर्ज है। हम कैसे लोगों को चुनकर भेज रहें है ? हालांकि अभी हम उन्हें अपराधी नहीं कह सकते। क्योंकि जब तक उनके खिलाफ अदालतों में चल रहे मुकदमों का फैसला नहीं हो जता। लेकिन ऐसे माननीयों पर क्रिमिनल केस दर्ज है यह सच है।आपराधिक उपलब्धि के साथ-साथ इनके पास अकूत दौलत भी है। जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उनके पास औसतन 13.63 करोड़ की संपत्ति। दो फीसदी विधायक अरबपति हैं। 4,001 माननीय में 88 अरबपति हैं। यह घोषणाएं चुनाव के दौरान माननीयों ने अपने शपथ पत्र में खुद दिया है। फिर सोचे हम कैसे लोगों को चुन रहे हैं।

एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) डब्ल्यू की तरफ से किए गए सर्वेक्षण में दो केंद्र शासित प्रदेश और 28 राज्य विधानसभा में 4,033 माननीय में 4,001 का विश्लेषण शामिल है। 1,136 तकरीबन 28 फीसदी विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जिसमें हत्या, अपहरण, हत्या का प्रयास और महिलाओं के साथ अपराध शामिल है। केरल जैसे छोटे राज्य में 135 विधायकों में से 95 ने आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है जिनका फीसद तकरीबन 70 है। आप सोचिए ऐसे लोगों को हम सत्ता का देवता मानते हैं। चुनाव के दौरान अपनी जान गवा देते हैं। मंच पर उनका चरण पकड़ने और भारी-भरकम माला पहनाने की होड़ रखते हैं।जिंदाबाद... जिंदाबाद करते हैं। इन्हें शर्म न आए तो कम से कम हमें आनी चाहिए कि हम कैसे लोगों लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में भेज रहे हैं। भविष्य में हमारे राजतन्त्र की तस्वीर कैसी होगी वह अभी से दिख रहा है। यह स्थित किसी एक राज्य विधानसभा की नहीं है। देश की अधिकांश राज्य विधानसभाओं की है। हमने राजनेता नहीं आपराधिक आरोपितों को भेजा है। फिर ऐसे लोगों से अच्छे आचरण और विकास की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। बिहार में 67 फिसदी, दिली में 70 महाराष्ट्र में 62, तेलंगाना में 61 तमिलनाडु में 60 फीसदी माननीय अपने खिलाफ आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है। बिहार में 242 विधायकों में से 161 जबकि महाराष्ट्र में 284 में से 175 के खिलाफ इस तरह के मुकदमे दर्ज है। भारत का दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश की धड़कन क्या कहती है जरा देखिए। यहां 230 विधायकों में से 187 करोड़पति हैं। विधानसभा में पहुंची 94 माननीयों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज।

एडीआर के विश्लेषण पर गौर करें तो यही स्थिति शर्मनाक और चिंताजनक है। देश की राजधानी दिल्ली में 70 विधायकों में से तकरीबन 37 यानी 53 फ़ीसदी पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश की स्थिति भी अन्य राज्यों से बेहतर है। यहां राज्य विधानसभा में विधायकों की संख्या 403 है। करीब 38 फ़ीसदी यानी 155 विधायकों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। मंचों से ऐसे राजनेता जो महिलाओं की सुरक्षा की बात करते हैं अपने गिरेबां में कितने गिरे हुए हैं इसका अंदाजा भी आप नहीं लगा सकते हैं। महिलाओं के खिलाफ विभिन्न अपराधों को लेकर जो विश्लेषण सामने आया है वह बेहद चौंकाने वाला है। देश के 144 विधायकों पर महिलाओं से संबंधित अपराध की घोषणा की है। 14 विधायकों पर बलात्कार के आरोप में संगीन मुकदमे दर्ज हैं। संबंधित माननीय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 में मामले पंजीकृत किए गए हैं। इस तरह की घोषणाएं खुद ऐसे विधायकों ने अपनी चुनावी हलफनामे में किया है।

राजनीति में आने के पहले ऐसे लोग जो जमीन पर थे वह राजनेता चुने जाने के बाद बेशुमार दौलत के मालिक बन गए। विधानसभाओं में आदर्शवाद का प्रवचन देने वाले ऐसे माननीयों के पास इतनी संपत्ति कहां से आ गई। इनके खिलाफ ईडी और सीबीआई की जांच क्यों नहीं लगाई जाती। बेशुमार दौलत संग्रह करने वाले सत्ता की हां में हां मिलाने के बाद जांच से क्यों बच जाते हैं। ऐसे लोगों पर आर्थिक अपराध का मुकदमा क्यों नहीं चलता। भारत की राज्य विधानसभाओं में जिनको हमने चुन कर भेजा है उनमें प्रत्येक विधायकों की औसत संपत्ति 13.63 करोड़ है।



भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है। वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते। किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं- यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है।

### आज का सुविचार

स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

- विनोबा भावे

समय और बुद्धि बड़े से बड़े शोक को भी कम कर देते हैं।

- कहावत

## फिर जंगल का राजा, शेर कैसे ?

लेखक - तनवीर जाफ़री

संभवतः सहस्त्राब्दियों से यह विश्वस्तरीय धारणा चली आ रही है कि शेर ही जंगल का राजा होता है। परन्तु इंटरनेट और सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान आधुनिक युग ने ऐसी तमाम धारणाओं से पर्दे उठा दिए हैं जो केवल धारणाओं पर ही आधारित थीं। वैसी ही एक धारणा है शेर को वनराज समझना। शेर ने हमारे देवी देवताओं,महापुरुषों, धर्माधिकारियों यहाँ तक कि सामाजिक क्षेत्रों में भी अपनी गहरी छाप छोड़ी है। तभी कोई अपना नाम शेर सिंह रखता है तो कोई वर्ग विशेष ही स्वयं को सिंह कहलवाकर गौरवान्वित महसूस करता है। किसी को शेर ए खुदा कहा जाता है तो कोई शेर मुहम्मद या शेर ख़ान पुकारा जाता है। कहीं सिंह सजाने का ज़िक्र मिलता है तो कहीं देवी देवताओं की सवारी के रूप में नज़र आता है। कहीं लायंस क्लब की शान है तो कहीं लायंस सफ़ारी के रूप में आकर्षण। नानी दादी के कहानी क़िस्सों में दो शताब्दियों से शेर ही मुख्य पात्र रहा करता था। गोया सिंह या शेर के प्रभाव से समाज का शायद कोई भी वर्ग अछूता नहीं है। दुनिया के चिड़ियाघरों में भी सब से अधिक दर्शक शेर के बाड़े के पास ही खड़े होकर शेर को निहारते नज़र आते हैं।

सवाल यह है कि हमारे पूर्वजों द्वारा आख़िर इसकी किन विशेषताओं के आधार पर इसे जंगल का राजा या वनराज घोषित किया गया? जैसा कि विगत दो दशकों से मैंने शेर से सम्बंधित हज़ारों वीडिओज़ उसके स्वभाव व उसके विषय में अध्ययन करने के नज़रिये से देखीं ,उन्हें देखने के बाद मैं तो केवल एक ही निष्कर्ष पर पहुंचा कि शेर के पास आक्रामक व वहशी होने के सिवा दूसरी कोई भी विशेषता नहीं है। और अगर खुदा न ख़ुवास्ता शिकार भी अपनी जान की परवाह किये बिना पलट कर इनपर आक्रामक हो गया तो वनराज का पूरा परिवार अपनी अपनी जान बचाकर मीलों दूर भागता दिखाई देता है। आप यू ट्यूब पर देखें तो कहीं मिलेगा कि वनराज को भैंसें सींग से उछाल कर जान से मार रही हैं और इनके पूरे झुण्ड को मीलों दूर दौड़ा कर भगा रही हैं। किस बात के वनराज ? कभी हाथी कभी दरयाई घोड़ा तो कभी गेंडा इन्हें इनकी इनकी औक़ात बतादेते हैं। कभी लकड़ बग्घे इनपर हमलावर होते दिखाई देते हैं तो कभी जंगली कुत्ते इन्हें नोच नोच कर इनकी स्वयंभू बादशाहत मिटटी में मिला देते हैं। हद तो यह कि ज़ेबरा व ज़िराफ़ जैसे शाकाहारी व बिना सींग के जीव भी इनके मुंह पर दुलत्ती मार मार कर राजा साहब के ठुड्डे तोड़ इन्हें दुम दबाकर भागने के लिये मजबूर करते दिखाई देते हैं। कभी सांप लपेटकर मार देता है तो कभी बुढ़ापे में कुत्ते से बदतर मौत मरते दिखाई देते हैं। डरपोक इतने कि राजा साहब का पूरा परिवार मिलकर ही किसी जानवर का शिकार करता है अकेले नहीं। एक आख़िरी परन्तु सबसे बड़ा उदाहरण अफ्रीक़ा के मसाईमारा के जंगलों का -- यहाँ के वनवासी लोग प्रायः केवल तीन या चार की संख्या में,हाथों में केवल भाला लेकर शेर के उस झुण्ड की तरफ़ तेज़ क़दमों से पूरे आत्मविश्वास के साथ निडर होकर बढ़ते हैं जो अपने ताज़ा मारे हुये शिकार को तेज़ी से चट करने में व्यस्त है। न तो यह वनवासी लोग चिल्लाते हैं न ही उन्हें डराने का प्रयास करते हैं। जैसे जैसे यह लोग शिकार के क़रीब आते हैं सारे शेर अपने आप डर के मारे पीछे दूर तक खिसक जाते हैं। यह लोग पूरे आत्म विश्वास से निडर होकर अपनी ज़रूरत भर का मांस उस शिकार में से निकालकर वापस आ जाते हैं। वापसी के समय ये लोग पीछे मुड़कर भी नहीं देखते।इनके वापस जाने के बाद शेर फिर अपने शिकार के क़रीब आकर उन्हें खाने में व्यस्त हो जाते हैं। ज़रा सोचिये सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में जब इंसान को शेर के जीवन के विषय में इतनी क़रीब से परिचय करा दिया गया हो और उससे जुड़ी तमाम धारणाओं व भ्रांतियों को ख़त्म कर दिया हो तो क्या इन सब बातों को जानने के बाद आख़िर फिर जंगल का राजा शेर कैसे ?




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण मासे शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि द्वादशी व्रत, रविवासरे, मूल नक्षत्रे, एङ्क्ष्ण योगे, वालवकरणे, धनु की चंद्रमा, प्रदोष व्रत, सर्वार्थ सिद्ध योग 24/54 तक तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, धनी-मानी, चूने तथा सोना-चांदी का व्यापारी, जौहरी, रत्न बेचने वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, कर्मठ, डेलोमाईट-लाईम स्टोन की माइंस वाला, कुशल विक्रता होगा।

**मेष राशि** - समय की अनुकूलता से लाभांवित होंगे, समय स्थिति का ध्यान रखेंगे।

**वृष राशि** - हर्ष पूर्ण स्थिति रहेगी, सुख-सफलता की प्राप्ति, गृह कलह से हानि तथा मानसिक अशांति रहेगी।

**मिथुन राशि** - व्यापार में लाभ, यात्रा विवाद, उद्योग-व्यापार में कमी, हानि की संभावना।

**कर्क राशि** - शरीर बाधा, भूमि व राजभय, लाभ, सफलता मिलेगी, रुके कार्य बन जायेंगे।

**सिंह राशि** - वाहन भय, कष्ट, राजसुख, यात्रा होगी, शुभ कार्य में व्यवधान अवश्य ही होगा।

**कन्या राशि** - व्यय, प्रवास, विरोध, भूमि लाभ होगा, शेष कार्य में लाभ अवश्य ही होगा।

**तुला राशि** - रोगभय, यात्रा सुख, यात्रा व्यापार में सुधार, रुक कार्य बनेंगे, समय का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि** - कार्य सिद्धी, विशेष लाभ, राजकार्य में व्यावधान होगा, धैर्य से समय पर कार्य पूर्ण करें।

**धनु राशि** - लाभ, खर्च, यश, हर्ष, यात्रा, भूमि लाभ, राजकार्य, शिक्षा सामान्य होगी।

**मकर राशि** - विरोध होगा, व्यापार में हानि, शारीरिक कष्ट, धार्मिक कार्य में व्यय होगा।

**कुंभ राशि** - लाभ-हानि, व्यय, प्रभाव-प्रतिष्ठा में वृद्धि, रोगभय, विरोधी असफल होंगे।

**मीन राशि** - राजभय, यश, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, राजकार्य में विलम्ब होगा तथा परेशानी हागी।

### आज का कार्टून



## नौवें मोहर्रम के मौके पर सराय खाम में %लंगर ए हुसैनिया आयोजित



जसवंतनगर (इटावा)। नगर में नौवे मोहर्रम के मौके पर नगर मोहल्ला सराय खाम में भारी तादात में लंगर ए हुसैनियाँ का आयोजन किया गया। इमामबाड़ा से उठा ताजिया समारोह पूर्वक नगरीय भ्रमण पर आपसी भाईचारे के संग निकला,जिसमे नगर पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार और विधायक प्रतिनिधि अजेन्द्र सिंह गौर शरीक हुए। भारी संख्या में इस्लाम अन्याय विशेष तौर से युवक जुलूस में मातमी धुन के साथ शामिल थे। इस मौके पर इफ़्तेखार फारुकी, बदरुल हुसैन, शाबेज फारुकी, नसीम सिद्दीकी, बहारुद्दीन फारुकी, शानुद्दीन फारुकी, शराफत चोधरी, आदि ने पालिकाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। दोनों ने ताजिए की रस्मो रिवाज के साथ इबादत की। बाद में सभी एक साथ मोहर्रम के ताजिया जुलूस के संग रहे। ताजिया जुलूस को लेकर प्रशासन ने शांति व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल जलूस के साथ लगाया हुआ था। स्वयं क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी तथा कस्बा इंचार्ज कपिल चौधरी व्यवस्था में पूरी तन्मयता से लगे हुए थे, जिससे पूरे नगर में अमन और चैन के साथ मोहर्रम का यह पर्व मनाया गया।

## राहतपुर में नौ दिवसीय रामकथा 3 अगस्त से

इटावा। चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान द्वारा अपने संस्थापक सदस्यों की स्मृति में राहतपुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 3 अगस्त से 11 अगस्त तक नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमें जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी महाराज के कृपापात्र एवं वृंदावन धाम के विरक्त साधु रामायणी श्री संतदासजी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से भक्त श्रोताओं को कथामृत पान कराएंगे। इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के मंत्री राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि संस्थान अपने कीर्तिशेष संस्थापक सदस्य पं. धर्म नारायण त्रिपाठी, शिव सेवक तिवारी, इंजी. प्रकाशनारायण गुप्ता, राजाराम त्रिपाठी 卐चच्चू卐, श्रीप्रकाश गुप्ता, राधामोहन गुप्ता, बलवीर सिंह चौधरी, एवं धर्म सिंह चौधरी की स्मृति में पहले भी हरि कथाओं का आयोजन करता रहा है, इस बार श्रावण के पुरुषोत्तम मास में श्री राम कथा कराने का सौभाग्य मिला है। कथा का समय अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। प्रथम दिवस की कथा में कथा महात्म्य, वंदना प्रकरण, सत्संग महिमा, द्वितीय दिवस को सती चरित्र, शिव विवाह, तृतीय दिवस हनुमानजी का जन्म व भगवान राम का प्राकट्य उत्सव, चतुर्थ दिवस को भगवान की बाल लीला, ताड़का उद्धार, अहिल्या उद्धार एवं मिथिला नगर दर्शन, पंचम दिवस को फुलवारी प्रसंग, धनुष यज्ञ, राम विवाह, षष्ठम दिवस को राम वन गमन, केवट प्रसंग एवं महाराज दशरथ का स्वर्गारोहण, सप्तम दिवस को भरतजी का अयोध्या आगमन, भरत चरित एवं जयंत प्रसंग, अष्टम दिवस को मां जानकी का अग्नि में निवास, जटायु का उद्धार , माता शबरी को भक्ति का उपदेश तथा नौवें विश्राम दिवस को प्रातः नौ से बारह बजे तक संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ और दोपहर बारह बजे से दो बजे तक श्री राम कथा में श्री रामेश्वरम की स्थापना, अंगदजी द्वारा रावण का मार्गदर्शन तथा गुरू वशिष्ठजी द्वारा भगवान राम का राज्याभिषेक के प्रसंगों पर मार्मिक एवं तात्विक प्रवचन होगा। कथा विश्राम के बाद हवन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी ने कहा कि संस्थान द्वारा संचालित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय ने कथा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं उन्होंने हरिकथा रसिकों से निवेदन है कि वे पुरुषोत्तम मास में होने वाली इस राम कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## डीएम, एसएसपी ने दौरा कर ताजिए दफनाने के इंतजामात चैक किए



जसवंतनगर(इटावा)। जिलाधिकारी अवनीश राय , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के साथ फक्कड़ पुरा स्थित ईदगाह पर पहुंचे और उन्होंने ताजियों के दफन होने के स्थान करबला का निरीक्षण किया। वहां झूलते विद्युत तारों को देखकर भड़क उठे और उन्होंने इसको ठीक कराने के निर्देश खंड विद्युत अधिकारी ए के सिंह को दिए गए। ताकि आने वाली ताजियों को इन तारों से कोई दिक्कत न हो और कोई दुर्घटना न घटे। दोनो अफसरों ने उन सड़कों का भी भ्रमण किया, जहां से होकर ताजिए रात में जुलूस के रूप में कर्बला को जायेंगे।उन्होंने मौजूद अधिकारियों खासतौर से नगर पालिका कर्मियों को को साफ सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाअधिकारी कौशल कुमार ,क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी, तहसीलदार प्रभात राय, नायब तहसीलदार अविनाश कुमार मौजूद रहे।

## मैनपुरी पहुंचे प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान ने की समीक्षा बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाईएंकर- राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश कहा जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण हो और आम जनमानस को परेशानी न हो । वीओ- आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान जनपद मैनपुरी पहुंचे उन्होंने सर्किट हाउस में जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए । तो वहीं उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में उन्हें संतोषजनक जवाब दिए गए साथ ही उन्होंने सभी चीजों का क्रॉस चेक भी किया । तो वहीं 2024 में भारतीय जनता पार्टी का जीत का दावा करते नजर आए राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान । प्रेस वार्ता के दौरान और क्या कुछ बोले प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान देखें यह रिपोर्ट ।**

# डॉ मन्यू ने अपनी मां की त्रियोदसी पर 800 कन्याओं को कराया कन्याभोज

### एक नई परंपरा शुरू की







इटावा,28 जुलाई।इटावा जिले में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में ख्याति प्राप्त डॉक्टर मन्यू गुप्ता ने अपनी मां के निधन के बाद शुक्रवार को उनके त्रयोदशी संस्कार के अवसर पर एक कालेज की करीब 800 कन्याओं को कन्या भोज करा कर लोगों को नई परंपरा निर्वाहन का रास्ता दिखाया। डॉक्टर मन्यु को यह प्रेरणा उनके 83 वर्षीय चिकित्सक पिता डॉ धर्मेंद्र स्वरूप द्वारा दी गई। ज्ञातव्य है कि डॉ धर्मेंद्र स्वरूप की धर्मपत्नी और डॉक्टर मन्यु गुप्ता की मां मीरा गुप्ता का गत 16 जुलाई को 81 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया था। त्रयोदशी संस्कार के मौके पर इटावा नया शहर स्थित आवास पर पहले सवेरे %आर्य समाज और हिंदू% यानि दोनों धर्मों की पद्धति अनुसार स्वर्गीया की आत्मा की शांति के लिए शांति हवन आयोजित किया गया। परंपरानुसार दान पुण्य की रीति भी पूरी की गई। तदोपरांत परवारी जन इटावा शहर से 25 किलोमीटर दूर लखना कस्बा पहुंचे और वहां स्थिति कन्याओं के इंटर कॉलेज 卐कलावती रामप्यारी गर्ल्स इंटर कॉलेज卐 में 卐कन्या -भोज卐 का आयोजन विधि विधान से किया।कालेज में 1000 से ज्यादा कन्याएं अध्ययन करती हैं, उनमें से 780 मौजूद थीं। उन्हें सभी को बाकायदा स्वर्गीय मीरा देवी की स्मृति में कन्या भोज कराया गया। बाद में कन्याओं को श्रद्धानुसार दान देने की रस्म भी पूरी की गई। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर चंद्र लता गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कन्या भोज में वाइस प्रिंसिपल कल्पना गुप्ता का विशेष व्यवस्थात्मक सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज में स्थापित स्वर्गीय डॉ सत्यनारायण गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी तथा स्वर्गीया मीरा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण करके हुआ। सरस्वती वंदना के उपरांत सभी कन्याओं ने स्वर्गीय आत्मा की शांति की कामना की।इस अवसर पर कॉलेज की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा शुक्ला, डॉ के के दीक्षित, लखना नगर पंचायत के अध्यक्ष गणेश पोरवाल तथा विधायक भरथना राघवेंद्र सिंह विशेष तौर से मौजूद थे । सभी ने परिवारी जनों सुधृति गुप्ता, अरिणव गुप्ता, सौम्या गुप्ना, स्वस्ति गुप्ता के साथ कन्या भोज में अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम दौरान कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी कराया गया।

## नृसिंह मंदिर में राम कथा के आयोजन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

### देव स्थलों का भ्रमण करती कथा स्थल पर संपन्न

*छह अगस्त तक होगा सियाराम का गुणगान*



जसवंतनगर(इटावा)।नगर में इन दिनों धार्मिक आयोजनों की धूम है।शुक्रवार को रामेश्वरम मंदिर में महाशिवपुराण कथा तथा शाला शिवालय अहीर टोला में मदभागवत कथा का समापन हुआ, तो शनिवार से यहां के कटरा पुख्ता मोहल्ला में स्थित नृसिंह मंदिर में 卐श्री राम कथा卐 का आयोजन आरंभ हो गया। राम कथा के आयोजन को लेकर सुबह नगर की सड़कों पर जोरदार कलश यात्रा सैकड़ों पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने धार्मिक गीतों ,भजनों और बैंड बाजों की धुन के साथ निकाली। यात्रा में कथावाचक के रुप में पधारे वृंदावन धाम से आये स्वामी श्याम नारायण जी महाराज एक भव्य बग्घी पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद देते चल रहे थे। कलश यात्रा के आगे-आगे कथा आयोजक मथुरा प्रसाद गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी राममूर्ति गुप्ता अपने सिर पर पवित्र रामचरितमानस धारण किए चल रही थी। मुकेश कुमार गुप्ता, हिमांशु गुप्ता और गोपाल गुप्ता अपने बाल गोपालों वैभव,लक्ष्य, शिवांश, माही और राघव के साथ पुष्प वर्षा करते कलश यात्रा में चल रही माताओं बहनों का जोश बढ़ा रहे थे। नृसिंह मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा पूरे नगर में भ्रमण करती केला गमा देवी मंदिर बिलैया मठ आदि धर्म स्थलों पर पहुंची और बाद में कथा स्थल पर संपन्न हुई। जगह-जगह लोगों ने जय सियाराम के नारों के साथ कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में मनोज गुप्ता खाद वाले, अमरनाथ गुप्ता पूर्व चेयरमैन, मनोज गुप्ता गोपी, अंकुर गुप्ता गोपाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुभाष गुप्ता, ओम गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रदीप शिवहरे, मुकेश कुमार झा, भोले राजेंद्र गुप्ता ,सेलू गुप्ता, शिवम गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि व्यवस्था करते चल रहे थे। यह राम कथा 29 जुलाई से लेकर 6 अगस्त तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी तथा 7 अगस्त को भंडारा वितरण के साथ संपन्न होगी।

# धनुआ की दबंग प्रधान पर लाखों रुपए के गबन का आरोप

### बेटे चलाते हैं प्रधानी

### अफसरों को ठेंगे पर रखती है ग्राम प्रधान

### धनुआ ओडीएफ प्लस ग्राम पंचायत नहीं बन सकी

**जसवंतनगर (इटावा)।** जिलाधकारी अवनीश कुमार राय द्वारा जसवंत नगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत धनुआ की ग्राम प्रधान शकुंतला देवी यादव के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित(सीज) किए जाने के पीछे प्रधान द्वारा की गई अनियमितताएं, भुगतानो में लाखों रुपए राशि की गड़बड़ी के अलावा धनुआ को ओडीएफ प्लस ग्राम सभा घोषित किए जाने में अड़ंगा डालना जैसे गंभीर मामले हैं। ग्राम प्रधान के दबंग पुत्रों द्वारा ग्राम पंचायत के सारे कार्य मनमाने ढंग से संचालित किया जाना भी प्रमुख वजह बनी है। बताया तो यहां तक गया है कि अपने दबंग पति के कारण ग्राम प्रधान किसी भी अधिकारी को कुछ भी नहीं समझती थी। उसके खिलाफ आई शिकायतों की जब-जब जांच हुई और जांचों में पाई गई गड़बड़ियों को लेकर प्रधान से स्पष्टीकरण मांगे गए, तो संबंधित अफसर को जवाब देना भी गवारा नहीं समझा गया। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को प्रधान शकुंतला देवी के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज करने को लेकर जो आदेश जारी किया है, उसमें प्रधान पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के पांच विकास कार्यों में करीब 8 लाख रूपये सरकारी धनराशि की गड़बड़ी और गबन करने का आरोप लगाया गया है। इन वित्तीय गड़बड़ियों में ग्राम पंचायत की कंसलटिंग इंजीनियर ईशानी हाजरा ने भी प्रधान का भरपूर साथ दिया है। वित्तीय गड़बड़ियों में 100 कूड़ा पात्र खरीदने की बजाय मात्र 9 ही खरीदे गए और 5 लाख 46 हजार की धनराशि का गबन किया गया। ग्राम पंचायत के लिए 4 सिल्ट कैचर खरीदी जानी थी, मगर 2 ही खरीदी गई और 28 हजार की धन राशि का गवन किया गया। 2 लाख 24 हजार रुपए की राशि से एक ई-रिक्शा की खरीद दिखाई गई, मगर ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा मौजूद ही नहीं मिला। पंचायत क्षेत्र के लिए 40 प्लास्टिक बैंक की खरीद फरोख्त दिखाई गई, मगर 16 ही ग्राम पंचायत में पाए गए। करीब 4 लाख 11 हजार रुपए का गबन कर लिया गया। इसी प्रकार एक नाली निर्माण में लगभग 2 लाख रुपयों का सरकारी धन को चूना लगाया गया। धनुआ ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस घोषित करने के लिए करीब सवा 41लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी, मगर इस पर कोई काम नहीं किया गया और मात्र दो लाख ही खर्च किए गए।

# शाला शिवालय पर श्रीपति यादव द्वारा आयोजित भागवत कथा का समापन

### भंडारे में हजारों लोग जुटे



जसवंतनगर(इटावा)। नगर के मोहल्ला अहीर टोला में %शाला-शिवालय% पर पिछले एक सप्ताह से चल रही मदभागवत कथा का शुक्रवार शाम भंडारा और प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति में हजारों लोगों ने भाग लिया। समापन के अवसर पर अनेको साधुओ के साथ हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञातव्य है कि इस कथा का आयोजन पूर्व चेयरमैन श्री पति यादव ने अपने देव आराध्य स्थल शाला मंदिर पर आयोजित कराया, जिसमे वृंदावन से पधारे भगवताचार्य आचार्य श्री सुधीर जी महाराज ने कथा के अंतिम दिन कहा कि भगवान इस युग मे हमारे साथ है। बस भक्त की परीक्षा लेते है धैर्य रखें व पापो को तजे तो ही सच्चे मनुष्य को भगवान के दर्शन हो सकते है। इस कथा में पूर्व चेयरमैन यज्ञ पति श्री पति यादव तथा मोहर श्री,परीछत रामेश्वर दयाल यादव,भगवती देवी व व्यवस्थाओं की देख रेख प्रमोद कुमार,चंदन सिंह,फूलन सिंह, सतीश यादव आदि सम्पूर्ण अहीर टोला वासी रहे । आयोजन में सभासद राजीव यादव दर्जन भर सभासदों के साथ कथा स्थल पर मौजूद रहे। श्री पति यादव और प्रमोद कुमार व वहाँ के सभासद सतीश ने उनका व सभी सभासदों तथा अतिथियों का पटका पहनाकर तिलक वदंन कर स्वागत किया। इस अवसर पर सपा राष्ट्रीय सचिव महिला सभा संध्या यादव, जिला पंचायत सदस्य भुजवीर यादव, राहुल गुप्ता,विनोद यादव, सुनील यादव जिला सचिव सपा, अमित यादव ,आलोक गुप्ता,विपिन यादव,फूलन सिंह, दिलीप यादव,नीरज यादव,सभासद मो फारुख,संजीव यादव, सतीश यादव बबलू, दिलीप दिवाकर,मु0 अजीम,जि0यो0समिति सदस्य देवेन्द्र यादव,कमल प्रकाश पाल,संजय चिक,मु0इरफान, मोनू शर्मा, राम खिलाड़ी यादव,अंकित कुमार मौजूद थे।

## सरकारी अस्पताल संचालन में काफी दिक्कत आ रही



बकेवर, इटावा। 50 शैया अस्पताल का डीडीओ कोड आवंटित करने के लिए पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन दिया।अस्पताल का आहरण वितरण कोड आवंटित न होने से अस्साल में विधिवत रूप से चालू होने में समस्याएं आ रही है। कस्बा में स्थित 50 शैया अस्साल में शाषन स्तर से 11 चिकित्सकों व 11 पैरामेडीकल स्टाफ की नियुक्ति पिछले महीने जून में कर दी गयी थी।नियुक्त किये गए डॉक्टरों व पैरामेडीकल स्टाफ में से एक आध को छोड़कर सभी ने ज्वाइन कर लिया है। लेकिन अस्साल के आहरण वितरण कोड शासन से अभी तक न जारी होने से अस्साल के प्रभावी रूप से संचालन में काफी समस्याएं आ रही है। अस्साल के सीएमएस डॉ वीरेंद्र भारती आहरण वितरण कोड जारी कराने के लिए कई बार सचिव से वार्ता कर मांग कर चुके हैं लेकिन कोड जारी नही हो सका है जिसके कारण अस्साल में इमरजेंसी सेवाएं भी आरम्भ नही हो पा रहीं हैं।क्योंकि आहरण वितरण कोड जारी न होने से अस्साल को कोई बजट भी नहीं भेजा जा सका है। बजट के अभाव में जरूरी सामान भी सीएमएस खरीद नहीं पा रहे हैं। जिससे अस्साल में पेयजल इन्वर्टर की जनरेटर की व्यवस्था भी नही हो पा रही है। जिसके कारण अस्साल में इमरजेंसी सेवा भी शुरू नही हो पा रही है।तीन इमरजेंसी मेडिकल डॉक्टर भी शाषन से नियुक्त ने आकर ज्वाइन कर चुके हैं। पुर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने इस 50 शैया अस्साल के डीडीओ कोड (आहरण वितरण कोड) जारी किए जाने के सम्बन्ध में लखना पहुँचकर स्वास्थ्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की।स्वास्थ्य सचिव को इस सम्बंध में एक ज्ञापन पत्र भी कोड जल्द से जल्द जारी करने की मांग का दिया है। पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया न बताया कि स्वास्थ्य सचिव ने जल्द ही कोड जारी कराने का आश्वासन दिया है।

## कंपोजिट विद्यालय सोरों के प्रोस्पेक्टस का हुआ विमोचन



**ताखा ( रिपोर्टर घनश्याम शर्मा )** कंपोजिट विद्यालय सोरों में निजी विद्यालयों की तर्ज पर शिक्षक अमित सिंह के द्वारा अभिभावकों को जागरूक करने के लिए प्रोस्पेक्टस का निर्माण किया गया ।इस प्रोस्पेक्टस में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अभिनवीकरण प्रयासों एवं शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओ को दर्शाया गया है। प्रोस्पेक्टस का डाइट प्राचार्य के?पी? सिंह ने विमोचन कर बताया कि यह प्रोस्पेक्ट्स विगत वर्ष में हुए शैक्षिक अभिनवीकरण प्रयासों को दर्शाती है निःसंदेह इस प्रोस्पेक्ट्स से अभिभावकों को शासन द्वारा किए जा रहे शैक्षिक बदलावों की जानकारी मिलेगी तथा बेसिक विद्यालयों में विश्वसनीयता और अधिक बढ़ेगी। प्रोस्पेक्टस के विमोचन पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद, अल्केश सकलेचा, उपेन्द्र भारती, उदय राज, जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, लव सौरभ ,एस?आर? जी? रामजनम सिंह, मीनाक्षी पांडे, संजीव चतुर्वेदी एवं समस्त विकास खंडों के ए?आर?पी? ,नोडल संकुल शिक्षक राधा कृष्ण , संकुल शिक्षक अमित सिंह, मोहित भदौरिया ,विपिन चौहान, विनायक पांडे,दारा सिंह, राघवेंद्र सिंह समेत कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे

## परशुराम समिति की बैठक आज

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक 30 जुलाई दिन रविवार को 10 बजे से आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में होगी। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## जलस शहीदे आज़म आयोजित

**इटावा। मुहल्ला मकसूदपुरा मामा मिल के पास दवग्रान रोड पर मु. इरफान चिश्ती आदिल ने मुहर्रम की 9 तारीख को जलस शहीदे आज़म हज़रत इमाम हुसैन की याद गार में मुन्ककित किया जिसमें शहर के मारूफ शायरों ने अपने अपने क़लाम में हज़रत इमाम हुसैन की याद में कर्बला में इमाम हुसैन व उनकी ऑल के बारे में मनकवत और नाते पाक पढ़ी जिसमें 8 बजे से 10 के एक बच्चे ने बहतरीन अंदाज में पढ़कर लोगों की खूब बाह बाही लूटी सभी शायरों ने अपने अपने क़लाम इमाम हुसैन के दरवार में अपने कलाम पेश किये। कलाम पढ़ने वालों में सलीम वारसी, साबिर, शायर रौनक इटावी, इरफान आदिल, अहमद एडवोकेट, मुहम्मद कैफ़ आदि शायरों ने अपने बहतरीन अंदाज में हज़रत इमाम हुसैन की खिदमत में नजरानये अकीदत पेश किया।**

## नगर का भांवत चौराहा आज से आजादी के महानायक सुभाषचंद्र बोस के नाम से जाना जाएगा-पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री*

### जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी

**नेताजी के ÷तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा÷ के नारे ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को संबल प्रदान किया- जयवीर सिंह***



**मैनपुरी 29 जुलाई, 2023- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने नगर के भांवत चौराहे पर आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करते हुये कहा कि नेताजी जैसे पराक्रमी राष्ट्र नायक का सम्मान हम सबके लिए गौरव और हर्ष का विषय है, आज से भांवत चौराहा सुभाष चन्द्र बोस चौक के नाम से जाना जायेगा, सुभाष चन्द्र बोस का नाम जनपद के लोग बड़े ही सम्मान के साथ लेते हैं, आजादी दिलाने के लिए 卐तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा% का नारा जब नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने दिया था, तब युवाओं की रंगों में यह रहा खून भी आजादी प्राप्त करने के लिए उबाल लेने लगा था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सबसे बड़े नेता थे, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया गया था, उनके द्वारा दिया गया 卐जय हिन्द का नारा राष्ट्रीय नारा बना, समस्त भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं,पर्यटन मंत्री ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर संस्कृति विभाग के माध्यम से प्रतिमा स्थापित करायी गयी है. मूर्ति के रख-रखाव के लिए एक कमेटी का गठन किया गया. नगर के अन्य चौराहों पर भी जल्द ही देश के महानायकों की प्रतिमा स्थापित होगी, लम्बे अरसे से किसी ने इन चौराहों की सुध-बुध नहीं ली, आगे रानी अबन्तीबाई की मूर्ति का अनावरण किया जायेगा, नगर का प्रत्येक चौराहा सुंदर और भव्य बनेगा, चौराहों के सौंदर्यीकरण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, नगर पालिका अध्यक्षा संगीता गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व विधायक अशोक चौहान, ब्लॉक प्रमुख जागीर मुनेष चौहान, रामबाबू कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविन्द तोमर, प्रेम सिंह शाक्य के अलावा जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी आदि उपस्थित**

## दबंगों ने श्मशान की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर भाजपा नेता पर किया हमला

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 29 जुलाई जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के बंसरमऊ में दबंगो ने राजस्व अभिलेखों में दर्ज श्मशान पर कब्जा करने का प्रयास किया।विरोध करने पर भाजपा नेता पर हमला कर दिया।पुलिस ने चार नामजद व दो अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के बंसरमऊ में गाटा संख्या 268 पर खतौनी में श्मशान के रूप में दर्ज है।भाजपा नेता अभिनव चौहान उर्फ शेखर के पूर्वजों का अंतिम संस्कार वहीं होता है।तीन दिन पूर्व 25 जुलाई को गांव के ही गयादीन पुत्र भग्गू,निगम सिंह,कुलदीप व मेघनाथ पुत्रगण गंगादीन सहित दो अज्ञात महिलाओं ने श्मशान पर बने समाधि स्थलों को फावड़े से खोदकर अपने खेत में शामिल करने का प्रयास किया।भाजपा नेता शेखर चौहान के मौके पर पहुंचने पर दबंगों ने हमला कर दिया।शेखर चौहान ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और डायल 112 और रामनगर चौकी इंचार्ज को सूचना दी।पुलिस के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग गए।भाजपा नेता शेखर चौहान की मां रामबेटी पत्नी शिवप्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सरकारी हैंडपम्प पर पानी भरने पर की मारपीट,मुकदमा दर्ज

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 29 जुलाई जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के खरगपुर,अरसारा निवासी रीता देवी पत्नी रामप्रकाश सविता ने थाने पर तहरीर दी।उन्होंने बताया कि बुधवार को उनकी बेटी अराधना सरकारी नल पर पानी भरने गयी तो गांव के ही अमन,रमन पुत्रगण लालू सविता,माधुरी पत्नी लालू सविता ने गाली गलौज कर बेटी अराधना को लात घूसों से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## विद्युत लाइन सही करते समय तार युवकों के गले में फंसा,हालत गम्भीर

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के** किशनी।थाना क्षेत्र के नगला बख्ती,बुढ़ौली निवासी अमन प्रताप पुत्र जलेंद्र सिंह जाटव ने थाने पर तहरीर दी।उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को वह गांव के ही शिवम जाटव पुत्र भारत सिंह के साथ बाइक से रामनगर बाजार जा रहे थे।रास्ते मे तरिहा व खिरिया गांव के पास रोड के किनारे विद्युत कर्मचारी विद्युत तार को खींच रहे थे जो अचानक शिवम की गर्दन पर उलझ गया।जिससे शिवम की गर्दन,सिर में व पीछे बैठे उनके सिर व मुंह में काफी चोट आ गयी।हालत गंभीर होने पर उन लोगों को किशनी सीएचसी भर्ती कराया जहां से रैफर होने जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।पीड़ित ने विद्युतकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

## बदनीयती का विरोध महिला को पड़ा भारी,दबंग युवक ने की पिटाई

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** मैनपुरी 29 जुलाई जनपद केकिशनी।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गुरुवार को थाने पर तहरीर दी।उन्होंने बताया कि बुधवार शाम छ: बजे वह अपने खेत पर काम कर रही थी।उसी समय गांव के ही सनी पुत्र श्रीचन्द्र फौजी ने उससे गन्दी नियत से गलत काम करने को कहा।उसके विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट की और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।महिला ने बताया कि सनी के साथ पास के ही गांव के सुरजीत पुत्र विजय कुमार व सर्वेश पुत्र अहिबरन भी थे।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जमीनी रंजिश में मारपीट,युवक व महिला घायल

**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के किशनी।क्षेत्र के गांव मकोया निवासी अनार सिंह पुत्र अतर सिंह ने बताया कि उसके खेत पर गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र वेदराम,वेदराम पुत्र जोर सिंह,दीपक पुत्र मेहरबान कब्जा करने का प्रयास करते हैं उसके शिकायत करने पर खेत की पैमाइश हो चुकी है इसके बावजूद भी यह लोग उसके खेत पर धान की पौध रोपने लगे जब उसने मना किया तो इन लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। एक अन्य मामले में क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी रवि पुत्र जयवीर ने बताया कि उसकी मां के नाम पर खेत पर गांव के चाचा जगबीर सिंह चाची आरती देवी कब्जा कर रहे हैं विरोध करने पर मारपीट को आमादा हो जाते हैं। एक अन्य मामले में क्षेत्र के गांव नगला हीरा निवासी रानी देवी पत्नी जगन सिंह ने बताया कि गांव निवासी केदार पुत्र राजाराम जबरन उसके खेत को जोत रहा था इस दौरान उसने विरोध किया तो उसने उसे मारपीट कर घायल कर दिया मामले को लेकर एसडीएम आरएन वर्मा ने थाना प्रभारी को कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

## शराबी भाई ने भाई को मारपीट कर किया घायल

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के किशनी। क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी समोद कुमार पुत्र जगदीश चंद्र ने बताया कि उसका भाई जायमान शराब पीकर आए दिन झगड़ा करता रहता है यही नहीं उसकी पत्नी सोमवती भी उसका साथ देती है। जायमान आए दिन उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है गुरुवार को जब उसने इसका विरोध किया तो उसने गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। एक अन्य मामले में आवाजपुर निवासी गीता देवी पत्नी अवनीश कुमार ने बताया कि उसके जेठ शिवचरण पुत्र फूलन सिंह शराब पीकर गुरुवार को से गालियां दे रहे थे इस दौरान जब उसने विरोध किया तो उन्होंने उसे लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

## महिला से दबंगों ने की मारपीट,मुकदमा दर्ज

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी मैनपुरी 29 जुलाई जनपद केकिशनी।ऊमराहार निवासी सरोज देवी पत्नी गिरीश चंद ने बताया कि गांव निवासी युवक धर्मेंद्र से घर के सामने गोबर डालने के लिए कहा तो उसने नाराज होकर उसे मारा-पीटा ।इस दौरान बचाने आए उसके पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। एक अन्य मामले में खरगपुर निवासी माधुरी देवी पत्नी विवेकानंद ने बताया कि सरकारी नल पर गंदगी करने से रोकने पर गांव निवासी किशोर पुत्र बांकेलाल पीयूष कुमार पुत्र राम प्रकाश रीता देवी पत्नी राम प्रकाश ने उसे गालियां देते हुए मारा पीटा पुलिस ने सभी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया**

# सडक सुरक्षा के अन्तर्गत गोष्ठी, रगोली कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी (29 जुलाई ब्यूरो)डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ0 एस पी सिंह के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता गोष्ठी कार्यक्रम एवं रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शिवम यादव एआरटीओ मैनपुरी रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सभी संकल्प एवं शपथ लें की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेंगे, विशेष तौर पर वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे। नशे की हालत में गाड़ी नहीं चलाएंगे। घायल व्यक्तियों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन ईयर फोन का प्रयोग नहीं करेंगे। ग्रीन लाइट रेड लाइट एलो लाइट आदि के विषय में छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एआरटीओ ने एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्होंने संकल्प दिलाया कि स्कूल के साथ-साथ अपने परिवार समाज एवं राह चलते सभी लोगों को सड़क के नियमों के विषय में जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान योजना चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान प्राची चौहान बीएस सी चतुर्थ सेमेस्टर, तृतीय स्थान मुस्कान वीए तृतीय वर्ष रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता वीए. प्रथम सेमेस्टर, दितीय स्थान भानु प्रताप बीए द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान आदेश सिंह बीए द्वितीय सेमेस्टर रहे। प्राचार्य डॉ0 एस पी सिंह मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। संकल्प दिलाया कि सभी सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के प्रति जागरूक हो। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने सड़क सुरक्षा पकवाड़ा के अंतर्गत गोष्ठी कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी छात्र छात्राओं एनएसएस के स्वयंसेवकों महाविद्यालय के स्टाफ मुख्य अतिथि एवं अभिभावक गण को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा प्रभारी श्री प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथि एवं सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एस पी सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर अजय प्रताप सिंह श्री जितेंद्र पाठक श्री जगजीवन राम कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव सड़क सुरक्षा प्रभारी श्री प्रमोद कुमार डॉक्टर गीता देवी श्री विजय आनंद गौतम डॉक्टर तनु जैन विजेंद्र कुमार शिवनंदन सिंह तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में पहले हुआ झगड़ा, फिर हुई मारपीट दोनों तरफ से घायल




**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** दोनों तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट घिरोर।एक पक्ष के युवक के साथ दूसरे पक्ष ने मारपीट कर दी।तो युवक ने खेत से कार्य करके लौट रहे चाचा भतीजे की बाइक से टक्कर मार कर गिरा दिया। जिसके बाद लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के थाना घिरोर क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार दीपांशु चौहान पुत्र शिवराज सिंह चौहान ग्राम नगला फत्ते से बाइक में पेट्रोल डलवा कर अपने ग्राम बमरौली जा रहा था तभी अचानक प्रदीप पुत्र राजेंद्र सिंह,सुदीप पुत्र राजेश सिंह,वेद प्रकाश पुत्र अर्जुन सिंह ने उसकी चलती बाइक पर डंडे से वार किया।जिससे दीपांशु की बाइक अनियंत्रण होकर वेद प्रकाश पुत्र अर्जुन सिंह से जाकर टकरा गई और वह गिर पड़ा।उसके बाद उक्त तीनों लोगों ने मुझे लाठी डंडो लोहे की रॉड से मुझे मारना चालू कर दिया।जिससे मेरे सिर पर और पूरे शरीर पर गंभीर चोटे आई हैं।जब मेरे चाचा भरत चौहान पुत्र यदुवीर सिंह मुझे बचाने के लिए भागे तो उन लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से थाने में सूचना दी गई कि ग्राम बमरौली निवासी प्रदीप कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि चाचा वेद प्रकाश व मेरे चचेरा भाई सुदीप कुमार पुत्र राजेश शुक्रवार सुबह 7 बजे खेत से कार्य करके घर वापस आ रहे थे। उसी समय गांव के ही प्रभाकर उर्फ दिनेश पुत्र प्रयाग सिंह, भरत पुत्र यदुवीर सिंह, दीपांशु पुत्र शिवराज, चंद्रवीर उर्फ चमन पुत्र जितेंद्रवीर ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी । बाइक में टक्कर लगते ही दोनो बाइक सवार गिर पड़े । गिरने हो उसके बाद में इन लोगो द्वारा लाठी डंडों के साथ धारदार हथियार से मारपीट करने लगे। जिसके चलते वेदप्रकाश ,सुदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आस - पास के लोग आ गए। जिसके चलते उपरोक्त लोग भाग गए। वही घायल के भतीजे प्रदीप कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए उक्त लोगों पर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी नरेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि ग्राम बमरौली में दो पक्षों में आपस मे झगड़ा हुआ है।दोनों तरफ से मारपीट की सूचना दी गई है।जिसके आधार पर मुकद्मा दर्ज कर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# आवारा गो बंसो के कारण किसानो की नीद हराम पूरी रात करते रहते है रखवाली

### सरकार के आदेशों के बाद भी नहीं हो रहीं कोई कार्यवाही

### घिरोर नगर मे करहल तिराहे व गोलचककर पर बेशहारा गोवंशो का रहता है जमाबाड़ा

मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के घिरोर क्षेत्र में बेशहारा गोवंशो का आतंक है लोग परेशान है लोगो के खेतो में खड़ी फसलो को वेशहारा गोवंस बुरी तरह से उजाड़ रहे है किसान रातो को अपने घर पर नहीं सो पता है इन आवारा गोवंसो की बजह से तमाम एकक्सीडेंट हो रहे है लेकिन कोई भी अधिकारी व कर्मचारी इनके बारे में कुछ बोलने को तैयार नहीं है वही वेशहारा गोवंस की बजह से लोग घायल हो रहे है घिरोर नगर मे भी बेसहारा गोवंश के झुण्ड लोगो को घायल भी कर रहे घिरोर शहर के गोलचककर व करहल तिराहे, जसराना रोड पर, विकास खण्ड के आस पास वेशहारा गोवंशो का जमाबाड़ा रहता है यह गोवंश लोगो की परेशानी का कारण बने हुए है बेशहारा गोवंस सड़क पर ही रहते है जिसके कारण रात मे मोटरसाईकिल सवार हल्की लाइट होने के कारण देख नहीं पाते है और गोवंशो से टकराकर चोटिल हो जाते है सरकार के







आदेशों के बाबजूद इन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है सरकार की मंसा के अनुरूप बेसहारा गो वंशो को गौशाला मे रखने का प्रावधान है लेकिन यह सड़को पर लोगो की परेशानी का कारण बने हुए है अगर घिरोर मे जिलाधिकारी या किसी बड़े अधिकारी का आने का दौरा होता है तो इस बेशहारा गोवंशो को ग्रामीण इलाको की तरफ भगा दिया जाता है तथा दौरा होने के बाद फिर से यह गोवंस सड़को पर आ जाते है

## एलाऊ थाना पुलिस ने दो अभियुक्त ों से नाजायज गांजा किया बरामद



**जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी** मैनपुरी 29 जुलाई जनपद के जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मैनपुरी व क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत एलाऊ थाना उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराह वाहन चेकिंग कर रहे थे इसी दौरान शक के आधार पर दो आदमियों को रोका गया तो इनके पास से एक मोटरसाइकिल हीरो बाइक आई स्मार्ट प्लस रंग नीला पर सवार दो व्यक्तियों को रोक कर तलाशी ली गई तो दो बैगों में 12कि500गिराम नाजायज गांजा बरामद हुआ नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम सिंघम उर्फ संदीप पुत्र जयप्रकाश निवासी अंजनी थाना बिछबां मैनपुरी बताया दूसरे ने अपना नाम अभितोष पुत्र जयप्रकाश निवासी बालाजीपुरम जिला मैनपुरी बताया पुलिस ने नाजायज गांजा बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय में भेज दिया है

# ई-रिक्शा चालक पर सांड ने कर दिया हमला , चाहकर भी न बचा पाए लोग; आंखों के सामने तोड़ दिया दम

### जिला संवाददाता सुनील कुमार यादव माधव संदेश मैनपुरी



मैनपुरी 23 जुलाईमें सांड ने ई-रिक्शा चालक पर हमला कर दिया। लोग चाहकर भी उसे न बचा पाए। आंखों के सामने उसने दम तोड़ दिया। मैनपुरी में शनिवार की सुबह सांड ने हमला करके ई-रिक्शा चालक को मार डाला। खबर मिली तो परिजन में चीख पुकार मच गई। वह भागते हुए मौके पर पहुंचे। शहर कोतवाली क्षेत्र में एफसीआई गोदाम के पास उसका शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों से बात करके घटना की जानकारी ली। मामला करहल थाना क्षेत्र के दाडी कांकन गांव की है। गांव निवासी जबर सिंह (48) शहर में किराए पर ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। शनिवार की सुबह भी वह रिक्शा लेने के लिए मैनपुरी आ रहा था। कुछ देर बाद परिजन को सूचना मिली कि जबर सिंह मैनपुरी करहल मार्ग पर एफसीआई गोदाम के पास अचेत अवस्था में पड़े हुए हैं। आनन फानन परिजन मौके पर पहुंचे।

# मैनपुरी !आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मैनपुरी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह द्वारा सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण एवं सुभाष चौक का उद्घाटन किया गया

**जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी।** स अवसर पर सुभाष चौक पर बड़ी संख्या में कायस्थ समाज ने इक्कठा हो कर मंत्री जयवीर सिंह का कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया व आभार प्रकट किया कायस्थ महासभा द्वारा आम जनमानस में फल व शरबत का वितरण कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। महासभा द्वारा बताया गया कि बीते एक दशक से महासभा द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा और भाँवत चैराहे को सुभाष चौक घोषित किया जाये की माँग करता रहा है। महासभा के अध्यक्ष एड़0 राजीव कुमार कुलश्रेष्ठ द्वारा कहा गया कि मैंनपुरी की धरती पर आज एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ0 चन्द्रमोहन सक्सेना ने कहा कि आजादी के सच्चे नायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को सच्ची श्रद्धांजली मैंनपुरी की जनता ने आज दी है। उपाध्यक्ष नकुल सक्सेना ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और समस्त कायस्थ समाज के अथक प्रयासों द्वारा नेताजी की भव्य मूर्ति का अनावरण हुआ है। कोषाध्यक्ष अमित जौहरी और महामंत्री विकास नन्दन कुलश्रेष्ठ ने कहा कि नेताजी सुभाष चैक सिर्फ कायस्थ समाज के सम्मान का विषय नहीं है बल्कि समस्त मैंनपुरी वासियों के सम्मान में मूर्ती का अनावरण हुआ है। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से गोपाल कुलश्रेष्ठ, राजू रंगशाला, अनिल सक्सेना, अमित सक्सेना, शिवम सक्सेना, आयूष सक्सेना, रजत सक्सेना, अजीत सक्सेना, अमितोष दरवारी, निखिल कुदेशिया, अपूर्व जौहरी, रोहित सक्सेना, गोरांग सक्सेना, नेहा हजेला, कुसुल श्रीवास्वत, आशा सक्सेना, आराधना सक्सेना, आशीष सक्सेना, हर्ष सक्सेना, अनुज सक्सेना, कन्हैया कुलश्रेष्ठ, दीपक सक्सेना, डॉ0 जितेन्द्र सक्सेना, अंकित जौहरी व अन्य सैंकडों की संख्या में कायस्थों व आम जन मानस ने भाग लिया और उद्घाटन को सफल बनाया।

# मंत्री जयवीर सिंह ने कैंप कार्यालय पर जन शिकायतें सुनी

### जिला ब्यूरो चीफ राजवीर सिंह यादव माधव संदेश मैनपुरी



***सभी लोगों के पास पक्का मकान हो ताकि गरीब व्यक्ति भी सम्मान के साथ अपना जीवन-यापन कर सकें- मंत्री जयवीर सिंह***

मैनपुरी 29 जुलाई, 2023- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के सम्मुख जन शिकायतें सुनने के दौरान जब गढ़िया निवासी श्रीदेवी, मलुकी ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित कराए जाने की मांग की तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब व्यक्ति झोपड़पट्टी में वास न करें, सभी लोगों के पास पक्का मकान हो ताकि गरीब व्यक्ति भी सम्मान के साथ अपना जीवन-यापन कर सकें। उन्होंने कहा कि आवास योजना का लाभ देने के लिए पात्रों का चयन पूरी पारदर्शिता से किया जाए, जो व्यक्ति योजना का लाभ पाने योग्य हों, उनकी सूची तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों से भी सत्यापन कराया जाए और पात्र पाए जाने की दशा में लाभार्थी को बिना किसी कठिनाई के योजना का लाभ मिले सुनिश्चित किया जाए. आवास योजना में किसी भी अपात्र व्यक्ति को लाभान्वित न किया जाए यदि लाभार्थी के चयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती गई तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र प्रदेश सरकार ने तमाम जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियों, कर्मचारियों की है, अधिकारी कर्मचारी सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ पाने में कोई कठिनाई न हो। पर्यटन मंत्री ने कहा कि जन शिकायतों का समयअद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति गंभीर रहें, किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए किसी भी शिकायत को अकारण लंबित न रखा जाए, सक्षम स्तर से शिकायत का संज्ञान लेकर निस्तारित किया जाए ताकि फरियादी को राहत मिले।

आज जन सुनवाई के दौरान देवपुरा नि. रवीन्द्र सिंह भदौरिया, ग्राम शाहजहांपुर नि. सर्वेश कुमार ने भूमि की पैमाइश कराने, डूंडीवरी नि. प्रेमलता ने परिवारीजन बनवाने, नई तहसील सदर नि महेश सिंह ने बिजली का बिल संशोधित कराने नेमपुरा नि अश्वनी ने विपक्षीगणों द्वारा जान से मारने की धमकी दिये जाने, कपूरपुर नि. बृजेश सिंह ने खतौनी में गलत इन्द्राज को ठीक कराये जाने, देवपुरा नि. रूपचन्द्र पचौरी कम्पाउण्ड नि. संजीव कुमार ने भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने, लहरा एमनीपुर नि. सतेन्द्रवीर ने जल निकासी के प्रबन्ध कराने, राजा का बाग नि अंकुर मिश्रा ने रोजगार दिलाने एवं अग्रवाल नि. प्रीतम सिंह ने विद्युत बिल को संशोधित कराये जाने, अचलपुर नि. राजवीर सिंह ने आदेश पारित के सम्बन्ध में ग्राम गढ़िया नि श्रीदेवी, मलूकी ने आवास योजना में लाभान्वित कराये जाने, बमौरा नि. खरगजीत सिंह ने झगड़ा-फसाद के सम्बन्ध में, ग्राम कुचेला नि. नागेश पाल ने इलाज हेतु भीम नगर नि. ग्राम मनौना नि. बालेश्वर ने दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किये जाने की शिकायत अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से कीं, जिन्हें सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापरक निराकरण हेतु उपलब्ध कराया गया। आज जन सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमार के अलावा उदय चौहान आदि उपस्थित रहे 7

## नाजायज तमंचे के साथ अलग अलग थाना क्षेत्र में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**माधव संदेश/आकाश**

औरैया (ब्यूरो)। सहायल थाना प्रभारी सहायल राजपाल के नेतृत्व में उ0नि0 राजकुमार ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त वीर सिंह पुत्र रमाकान्त निवासी ग्राम असू को मय 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर 02 जिंदा कारतूस- 315 बोर के साथ गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर जेल भेज दिया। अभियूक्त धारा 379/411 आईपीसी में वांछित था उधर थाना प्रभारी फफूंद जीवाराम के नेतृत्व में उ0नि0 यशवीर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त विकास पाण्डेय पुत्र अरविन्द उर्फ लल्ला बाबू नि0 ग्राम दशहरा थाना फफूँद को मय 01 अदद देसी तमंचा 315 बोर 01 जिंदा कारतूस-315 बोर के साथ पाता नहर पुल थाना फफूंद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जागरूक

माधव संदेश/आकाश औरैया (ब्यूरो)। शनिवार को जनपद औरैया के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीम व थाने में महिला बीट द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूलों/कॉलेज/ भीड-भाड़ वाले स्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महत्वपूर्ण कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, शक्ति दीदी अभियान के तहत हेल्प लाइन नंबर्स,112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1090 वीमेन पावर हेल्पलाइन,1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा,1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में अवगत कराया गया तथा महिला संबंधी अपराध से पीडित महिलाओं की काउंसलिंग भी की गयी साथ ही आवश्यकतानुसार उपरोक्त नम्बरों को प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार,32 अभियुक्तों के शांतिभंग में हुएं चालान

माधव संदेश/आकाश औरैया (ब्यूरो)। थाना अजीतमल के उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार ने वांरटी अभियुक्त दिलशाद पुत्र रफीक मोहल्ला घटिया प्रकाश टॉकीज के पास इटावा जनपद इटावा से गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियुक्त धारा 307/393 भादवि0 में वांरटी था। वही दूसरे वांरटी अभियुक्त कमाल उर्फ कमालुद्दीन पुत्र फखरुद्दीन निवासी हाफिज नगर बकेवर थाना बकेवर जिला इटावा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। वह धारा 307/393 भादवि0 में वांरटी था। उधर जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों से 32 अभियुक्तों को धारा 151 द0प्र0सं0 के अंतर्गत गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## दिबियापुर में योगाभ्यासियों का सम्मान समारोह आज,तैयारिया पूरी बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री सहित पूर्व कृषि राज्यमंत्री ,सदर विधायिका,चेयरमैन रहेंगे उपस्थिति

**माधव संदेश/आकाश**

औरैया (ब्यूरो)। योग आयोजन समिति दिबियापुर के तत्वाधान में 30 जुलाई रविवार को अपराह्न 2= बजे से जिले के योग साधको का सम्मान समारोह दिबियापुर नगर के विकास वैली रिसोर्ट रेलवे स्टेशन बिजली पावर हाउस के पास संपन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रतिभा शुक्ला, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि गुड़िया कठेरिया विधायक सदर औरैया ,राघव मिश्रा अध्यक्ष नगर पंचायत दिबियापुर होंगे। सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए योग आयोजन समिति दिबियापुर के संयोजक एवं जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन औरैया के चेयरमैन राजेश कुमार अग्निहोत्री प्रधानाचार्य ने सभी सम्मान पाने वाले योगाभ्यासियों को समय से कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है। वही बताया डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन औरैया के सम्मानित जनपद पदाधिकारीगण एवं योग आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारीगण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे 7 योग साधक योगाभ्यासी बालक बालिकाएं योग से संबंधित आकर्षक झलकियां भी प्रस्तुत करेंगे

## दिबियापुर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस की तीसरी आंख से होगी निगरानी

**माधव संदेश/आकाश**



दिबियापुर, औरैया (ब्यूरो)। अब नगर के प्रमुख चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यहां पुलिस प्रशासन ने चारों रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। जल्द की अन्य प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है। नगर के प्रमुख फफूंद चौराहा पर पुलिस ने चार सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इन कैमरों का सीधा कनेक्शन दिवियापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक के कार्यालय में किया है। वहां बैठकर प्रभारी निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी फफूंद चौराहे पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रख सकेंगे थाना दिबियापुर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार गुंजन चौराहे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। इन सभी कैमरे को वाई फाई के माध्यम से थाने में लगे स्क्रीन से जोड़ लिया जाएगा। प्रमुख बाजारों एवं गलियों में दुकानदारों से भी अधिकाधिक सीसीटीवी लगवाने का आग्रह किया जा रहा है ताकि कोई आपराधिक घटना होने पर अपराधी बच न सके। बताया कैमरे लग जाने से कई आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

# गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए- ख़ाक हुए ताज़िये,ज़ुलूस के दौरान या हुसैन या अली की गूंजी सदायें

**शु वार की रात नगर में निर्धारित मार्गों से घूमता हुआ निकला ताजियों का जुलूस।**

**शनिवार सुबह नगर के मुख्य मार्ग पर हुआ ताजियों के जुलूस का ठहराव।शनिवार सुबह अपने मुकाम के लिए जुलूस हुआ रवाना।**

**शनिवार शाम अपने मुकाम से फिर उठे ताजिये, नगर के मुख्य मार्ग पर आकर सभी ताजिये हुए इकट्ठा,लगा मेला।**

**शनिवार देर रात ताजियों को कर्बला में किया गया दफन,मोहर्रम के त्यौहार पर पुलिस प्रशाशन रहा सतर्क**



माधव संदेश/आकाश फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। शुक्रवार को नगर में मोहर्रम का त्यौहार गमगीन माहौल में बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से और अक़ीदत के साथ मनाया गया।ताजियों का जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से गुजरता हुआ,नगर के मुख्य मार्ग पर ठहरा,मंगलवार सुबह ताजिये अपने गंतव्य के लिये रवाना हो गए।शनिवार की शाम को दोबारा ताजियों का जुलूस अपने अपने मुकाम से उठकर मोहल्ला मेवातियाँन पहुंचा जहां काफी देर ठहरने के बाद देर रात उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रसाशन मौजूद रहा। नगर में मोहर्रम का त्यौहार गमगीन माहौल में बहुत ही सादगी व अक़ीदत के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया,शुक्रवार की रात लगभग ग्यारह बजे से ताजिये उठना शुरू हुए,सबसे पहले मुहल्ला केसरवानी का ताजिया उठा,उसके बाद मुहल्ला जुबैरी,सैयद वाड़ा भराव,जोगियांन,चमनगंज,मेवाति यांन के ताजिये उठे,ताजियों का जुलूस अपने तय रास्तों से गुजरता हुआ नगर के मुख्य फफूंद दिबियापुर मार्ग पर आकर ठहरा,ताजियों के जुलूस में नगर एवं क्षेत्र के हजारों अकीदतमंद जायरीन शामिल थे,जुलूस में कुछ ताजियों के आगे आगे बैण्ड मातमी धुन बजाते हुए चल रहे थे तो कुछ ताजियों के आगे या हुसैन या अली के नारो की सदायें गूंज रहीं थीं।शनिवार सुबह ताजियों का जुलूस अपने अपने गन्तब्य के लिए रवाना हो गया जुलूस के दौरान लोग लंगर तकसीम कर रहे थे जगह जगह पानी व शर्बत के स्टॉल लगे हुए थे इस दौरान लोगों ने जमकर लुट्टस लुटाई शनिवार शाम ताजियों का जुलूस ताजियों का जुलूस उठकर दोबारा नगर के मुख्य मार्ग पर आया और दिवियापुर फफूंद मार्ग पर मुहल्ला मेवतियांन में एकत्रित होकर मेला लगा रात को ताजियों के मेले में नगर एवं क्षेत्र से आये जायरीनों ने ताजियों की जियारत कर मन्नते माँगी तथा फातिहा पढ़ कर तबर्रुक तकसीम किया।रात लगभग 2 बजे तक ताजियों का मेला चलता रहा।रविवार तड़के ही ताजियों को कर्बला ले जाकर सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। मोहर्रम के त्यौहार पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन सतर्क नज़र आया, चेयरमैन मुहम्मद अनवर क़ुरैशी,व पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि/समाज सेवी इजहार अहमद,मुन्ना सिद्दीकी,सभासद शब्बीर क़ुरैशी,मुरसलीन खान एडवोकेट, मुन्ना सिद्दीकी,अज़हर सिद्दीकी शारिक खान, मुस्लिम खान मेव शमसाद खान मेव आदि समाजसेवी व संभ्रात लोग जुलूस में साथ रहकर व्यवस्थाएं देखते रहे।विद्युत विभाग की पूरी टीम जुलूस के दौरान नगर में मौजूद रही।नगर पंचायत की ओर से त्यौहार के मौके साफ सफाई की व्यवस्था चाक चौबंद रही।

## नम आंखों के साथ कर्बला में ताजिए किए गए सुपुर्द ए खाक

**-अलम व जुल्फकार का काफिला भी जुलूस में हुआ शामिल**



इटावा। दस मोहर्रम योमें आशूरा पर या अली या हुसैन के गगनभेदी नारों के साथ स्थानीय वॉइस ख्वाजा स्थित कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन एवं शहीदाने कर्बला की ताज़ियत में उठाए गए ताजियों को गमगीन माहौल में नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक कर दिया। जहां पर अकीदत मंदो ने कुरान ख्वानी के साथ फातिहा पड़ी। इससे पहले शहर के विभिन्न इमामबाडो एवं इमाम वारगाहों में कुरान ख्वानी हुई और कर्बला का मंजर बयां किया गया। तत्पश्चात इमामबाड़ों से ताजियों के उठने का सिलसिला शुरू हुआ और शहर से उठने वाले सभी ताजिए स्थानीय रामगंज चौराहा पर एकत्रित हुए। यहां पर बारह अखाड़ों के उस्ताद और खलीफायों ने अखाड़ा जमा कर हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला को अंतिम सलामी देकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ताजिया जुलूस की छटा देखने के लिए अकीदतमंद श्रद्धालु जनों का जनसैलाब रामगंज चौराहा से लेकर कर्बला रास्ते तक उमड़ पड़ा। सभी ताजियादार अपने ,अपने निशान और अलम लेकर अपने ताजियों के साथ जुड़े अलम ध्वजों के साथ जुल्फकारों का काफिला भी ताजिया काफिलें में सम्मिलित हो गया। मेवाती मोहल्ला, अड़ार, नौरंगाबाद, कटरापुरदल खां, मोहल्ला उर्दू, व थड़ी के सफेद ताजिए कागज पर महीन कटिंग करके अभ्रक पर काबा, मदीना व कर्बला के रोजे के तुगरे बनाए गए थे। जो अपने आप में बेमिसाल थे। दवग्रान व पथवरिया व कटरा सेवा कली के ताजिए प्लास्टिक शीट पर बनाए गए थे। जिन पर आधुनिक बिजली की सजावट थी इन्हीं ताजियों के साथ रामगंज मोहल्ले का का चांदीवाला ,शीशे की छतरी वाला ,ताजिया था। जिसके साथ कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, शमशुल वारसी, शान मोहम्मद, भानु राजा वारसी, परवेज चीनी ,अब्दुल वहीद एडवोकेट, रियाज मास्टर वारसी, व वसीम वारसी चल रहे थे। हाजी फजल युसूफ खान ,रफत अली खान ,हंस की चोंच वाले ताजिए की देखरेख कर रहे थे। कटरा सेवा कली और दवग्रान् के प्लास्टिक वाले ताजियों की व्यवस्था सिराज मिस्त्री, तथा मोहम्मद यूसुफ संभाले हुए थे। मेवाती टोला, उर्दू मोहल्ला , अड़ार वाले सफेद ताजिये और मोर वाला ताजिए की व्यवस्था डैनी गुप्ता, मोहम्मद एजाज इंतजार खां , इजिहार खां व मरहूम मम्मू खां साहब के परिजनों के हाथों में थी। मोर वाले ताजिए की जिम्मेदारी मेव बिरादर के जिम्मेदार संभाले थे ।ऊंट पर सवार ताजिया कूंचा शीलचंद्र सराय से उठा। इसके अलावा दरीवालान ,गाड़ीपुरा शाहगंज उझैधी,आजाद नगर टीला , नई बस्ती, शाहकमर ,नौरंगाबाद सहित सहित कई मोहल्लों से ताजिए अलम निशान व जुल्फिकार उठाए गए। जिनकी संख्या सैकड़ों में थी इन सबको साथ लेकर ताजिया काफिला ने कर्बला की ओर कूच किया ।इस काफिले में ढोल तांशों के साथ मातम किया जा रहा था। इसमें कई बैंड व मेटाडोर पर लाउडस्पीकर व डीजे से कर्बला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन के जानिसारों की शहादत का मंजर बयां किया जा रहा था। ताजिया जुलूस मार्ग पर लंगर वितरण की विशेष रूप से व्यवस्था की गई थी ।प्रत्येक ताजिएदार अपने अपने जुलूस की स्वयं व्यवस्था संभाले हुए थे। चांदी ताजिया के साथ सफेद ताजिया व प्लास्टिक शीट पर तैयार किए गए ताजिए व थर्माकोल से बनाए अलम आकर्षण के मुख्य केंद्र बिंदु थे। इन पर बेहतरीन तरीके की नक्काशी की गई थी ।यह जुलूस लगभग एक किलोमीटर लंबा था। इसकी व्यवस्था में कई समाजसेवी समूह लगे हुए थे। इसमें प्रमुख रूप से कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास,मसूर तैमूरी, इंसानी भाईचारा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई, इमरान फरीदी ,मानव हिंद एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौहम्मद अजहरुद्दीन, जमील खान ,राशिद खान ,जलील खान, शाहिद भाई, झर्रन भाई, आदि के नाम प्रमुख है।

## ऑनलाइन वीडियो बनाते हुए जहर खाकर जान दी



भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सरैया के एक युवक अजय सविता 22 वर्ष पुत्र बलराम सविता ने पंजाब के जनपद जालंधर पहुँचकर ग्राम नराला में ऑनलाइन वीडियो बनाते हुए जहर खाकर जान दे दी। ऑनलाइन लाइव जहर खाने का वीडियो देख घटनास्थल के निकट रह रहे युवक के रिश्तेदार, परिजन और शुभचिंतकों में बुरी तरह हड़कम्प के साथ हाहाकार मच गया। जिस पर आनन-फानन में कुछ लोगों ने घटनास्थल पहुँचकर गम्भीर बेसुध युवक को इलाज हेतु जालंधर के नराला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान युवक की तड़पते हुए दर्दनाक मौत हो गई। उक्त वीडियो वायरल के जरिये युवक के पैतृक गांव सरैया (भरथना) के परिजनों/रिश्तेदारों को घटना के बाद मौत की जैसे ही सूचना मिली, परिजन/रिश्तेदार जनपद जालंधर के लिए रवाना हो गए। जो शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे नराला पहुँच गये। मृतक युवक अजय सविता के बड़े भाई दीपू सविता व ग्राम प्रधान होम सिंह शाक्य ने बताया कि मृतक अजय अपने पिता बलराम सविता का चौथे नम्बर का छोटा बेटा था। बीते 10 दिन पूर्व ही पंजाब के जालंधर में प्राइवेट नौकरी करने गया था। ग्राम प्रधान श्री शाक्य के अनुसार वायरल वीडियो में अजय सविता ने शुक्रवार की दोपहर ऑनलाइन वीडियो बनाते हुए सल्फास की जहरीली गोलियों का सेवन किया है। जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो गया।

## वित्तीय जागरूकता कार्य म का हुआ आयोजन

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। शनिवार को जुआ गांव में वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन डॉ संदीप ओमर ने बताया कि पैसे का जीवन में सबसे महत्वपूर्ण योगदान है सतर्क रहें एवं सावधान रहें किसी के कहने पर किसी को भी अपना एटीएम नंबर एवं आए हुए मोबाइल पर ओटीपी को नहीं बताना चाहिए सभी महिलाओं को बजट एवं बजट को बड़े अच्छे ढंग से समझाया। उन्होंने व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय कौशलों को प्रभावी ढंग से बताया एवं साथ ही साथ धोखा घड़ी जिसमें आपके द्वारा कमाए हुए पैसे का नुकसान होना उसके बारे में बताया एवं चल रही भारत सरकार की योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना सुमंगला योजना, अटल पेंशन योजना श्रम मानधन योजना ,आयुष्मान योजना को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौलती देवी ने की।

## यमुना में वृद्ध ने छलांग लगाई, नहीं लगा सुराग

लखना, इटावा। एक सप्ताह पूर्व रविवार को लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत टकरुपुर स्थित यमुना नदी में छलांग लगाने बाले 60 वर्षीय वृद्ध का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। लवेदी क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर निवासी रामप्रकाश त्रिपाठी पुत्र छोटेलाल किसी बात की नाराजगी से विगत एक सप्ताह पूर्व रविवार की सुबह टकरुपुर स्थित यमुना नदी में पुल से ही छलांग लगा दी थी जिन्हें वहां चाय के खोखे पर बैठे लोगों ने देखा था। इसके 24 घंटे बाद एसडीआर एफ टीम ने भरेह तक यमुना नदी में उपजिलाधिकारी चकरनगर विजय शंकर व लवेदी पुलिस के उपनिरीक्षक संजय सिंह की उपस्थित में खोजबीन की लेकिन इसके बाद खोजने की किसी नहीं हिम्मत तक नहीं जुटाई। इधर छलांग लगाने बाले वृद्ध के कोई पुत्र भी नहीं है। सिर्फ तीन बेटियां ही हैं। जिनकी शादी होने के बाद दो अपनी ससुराल में हैं। एक बेटी पिता के पास दाउदपुर लवेदी रहती है।

# लूट की घटना का अनावरण, लूट के सामान के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार




माधव संदेश/ संवाददाता रायबरेली अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत आज दिनांक 29 जुलाई 2023 को थाना सरेनी पुलिस टीम द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मुखबिरखास की सूचना पर थाना सरेनी पर पंजीकृत मुअसं-232/2023 धारा 394/506 भादवि से सम्बंधित अभियुक्तगण 1-अर्पित सिंह उर्फ धनराज प्रताप सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी ग्राम सराय वैरिहाखेडा थाना सरेनी रायबरेली, 2-पहाड़ी उर्फ आकाश सिंह उर्फ अतुल पुत्र कमलेश सिंह निवासी ग्राम सराय वैरिहाखेडा थाना सरेनी रायबरेली, 3-उदेन्द्र उर्फ दीपक सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम झबरा हरदोपट्टी थाना लालगंज जनपद रायबरेली को 01 ई-श्रम कार्ड , 01 ए.टी.एम. कार्ड, 01 अदद मोबाइव रियलमी, 01 वी-मार्ट कार्ड, 01 अदद मोबाइल ओप्पो, 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोबाइल रेडमी, 01 अदद मोटरसाइकिल वाहन संख्या क्‍३३क्‍क्‍4237 हीरो होण्डा स्पेलेण्डर प्लस (वादी रौनक कुमार) 01 अदद मोटरसाइकिल संख्या क्‍३३क्‍क्‍3745 होण्डा लिवो घटना में प्रयुक्त के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिनके विरूद्ध थाना सरेनी पर मु0अ0स0 233/23 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम (बनाम-पहाड़ी उर्फ आकाश सिंह उर्फ अतुल सिंह) पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1-अर्पित सिंह उर्फ धनराज प्रताप सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी ग्राम सराय वैरिहाखेडा थाना सरेनी रायबरेली।

2-पहाड़ी उर्फ आकाश सिंह उर्फ अतुल पुत्र कमलेश सिंह निवासी ग्राम सराय वैरिहाखेडा थाना सरेनी रायबरेली।

3-उदेन्द्र उर्फ दीपक सिंह पुत्र दिनेश सिंह निगण ग्राम झबरा हरदोपट्टी थाना लालगंज जनपद रायबरेली। बरामदगी का विवरण-

01 ई-श्रम कार्ड , 01 ए.टी.एम. कार्ड, 01 अदद मोबाइव रियलमी, 01 वी-मार्ट कार्ड, 01 अदद मोबाइल ओप्पो, 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद मोबाइल रेडमी, 01 अदद मोटरसाइकिल वाहन संख्या क्‍३३क्‍क्‍4237 हीरो होण्डा स्पेलेण्डर प्लस (वादी रौनक कुमार) 01 अदद मोटरसाइकिल संख्या क्‍३३क्‍क्‍3745 होण्डा लिवो घटना में प्रयुक्त।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उप-निरीक्षक सुरेशचन्द्र थाना सरेनी रायबरेली।
2. आरक्षी विनीत कुमार यादव थाना सरेनी रायबरेली।
3. आरक्षी सौरभ कुमार यादव थाना सरेनी रायबरेली।
4. आरक्षी आशीष कुमार थाना सरेनी रायबरेली।
5. आरक्षी अवधेश कुमार थाना सरेनी रायबरेली।
6. आरक्षी सत्येन्द्र कुमार थाना सरेनी रायबरेली।

# 1230 अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव ायबरेली अवैध मादक द्रव्यों की बिक्री/तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 29 जुलाई 2023 को थाना मिलएरिया पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र कालिका प्रसाद निवासी बरखापुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली को 1230 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम बरखापुर के निकट शारदा नहर रोड से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय मुअसं-330/2023 धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है।

*नाम पता अभियुक्त-*

श्रवण कुमार पुत्र कालिका प्रसाद निवासी बरखापुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली ।

*बरामदगी-*

1230 ग्राम अवैध गांजा

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-*

1. उ0नि0 पीयूष सिंह थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली
2. उ0नि0 सौरभ कुमार थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली
3. आरक्षी सुमित शर्मा थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली

## वेदांत मित्तल ने चितकार यूनिवर्सिटी पंजाब से सीजीपीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम किया रोशन



फिरोजाबाद। वेदांत मित्तल ने चितकार यूनिवर्सिटी पंजाब से बेचलर ऑफ इंजीनियरिंग में सीजीपीए में दस अंको में दस अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। गणेश नगर निवासी वेदांत मित्तल पुत्र अभिषेक मित्तल चंचल ने चितकार यूनिवर्सिटी पंजाब से बेचलर ऑफइंजीनियरिंग (कम्प्यूटर सांइस एंड इंजीनियरिंग) में सीजीपीए में दस अंको में से दस अंक प्राप्त कर फिरोजाबाद का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को पंजाब में आयोजित सेरेमनी समारोह में वेदांत मित्तल को चितकार यूनिवर्सिटी के हेड डॉ अशोक चितकार, वाइस चॉसलर डॉ अर्चना मानत्री ने डिग्री एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

## राजा, इष्ट और गुरु के समक्ष नहीं जाना चाहिए खाली हाथ-अमित सागर

फिरोजाबाद। सुहागनगरी में वर्षा योग कर रहे जैन आचार्य अमित सागर महाराज द्वारा प्रतिदिन धर्म प्रभावना किया जा रहा है। प्रवचनों के माध्यम से जैन समाज को धर्म की राह दिखा रह है। शनिवार को दिगंबर जैन नसिया जैन मंदिर कोटला रोड पर अमित सागर महाराज ने धर्मसभा में कहा कि साधु की दो प्रकार की सामायिक होती है, एक नियत काल स्वाध्याय के समय होती है। दूसरी अनियत काल सामायिक चलने की क्रिया से भी हो जाती है। मुनि श्री ने कहा कि श्रद्धा का अर्थ है अपने संपूर्ण आत्मा का इष्ट के प्रति समर्पण। भक्ति के अंदर दान और पूजा समाहित होते हैं। राजा, इष्ट और गुरु के समक्ष खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। पूजा तीन प्रकार की होती हैं, जो प्रतिदिन करते है वो जघन्य पूजा है। उत्कृष्ट पूजा में व्यक्ति अपने द्रव्य से मंदिर बना कर जिनेंद्र भगवान की प्रतिष्ठा करा कर उसका पंचकल्याणक कराके भगवान का मस्तकाभिषेक करके तब पूर्ण होती है। कार्यक्रम का संचालन राजेश जैन सरल ने किया। इस दौरान प्रवीन जैन, मनोहर, डॉ महेंद्र जैन, सत्येंद्र जैन साहू, अजय जैन बजाज, राजीव जैन रागी, महेंद्र जैन गप्पू, संभव प्रकाश जैन, महेंद्र जैन गुल्ली, अपूर्व जैन, नितिन जैन, राहुल जैन इसौली, विपुल जैन आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्क र से बाइक सवार युवक की मौत

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला किला निवासी 35 वर्षीय सुबोध कुमार पुत्र राम अवतार सिंह बाइक द्वारा कहीं जा रहा था। उसी दौरान मक्खनपुर के समीप अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। जिसके मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## पुलिस ने तीन माह के नवजात शिशु को बरामद कर अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने ऑपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत लगवाये गये सीसीटीवी कैमरों की मद्द से तीन माह के नवजात शिशु का अपहरण करने वाली एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। बताते चलें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के आदेशानुसार जनपद में गुमशुदा व अपहर्ताओं की बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा सुमन पत्नी नन्हें निवासी ग्राम बसोईया जनपद फर्रूखाबाद हाल पता भुजपुरा थाना दक्षिण को ऑपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत लगवाये गये कैमरों की मदद एवं अथक प्रयासों से रेलवे क्वार्टर लेबर कालोनी से गिरफ्तार कर अपहर्ता नवजात शिशु उम्र 03 माह को बरामद कर सकुशल परिवारीजनों के सुपुर्द किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी लाइनपार सचिन कुमार, उ.नि. सन्तोष सिंह, का. लोकेश कुमार, रामवीर सिंह, सरोज देवी आदि रही।

## कर्मचारियों की समस्याओं का पंचायतराज अधिकारी से मिलकर निस्तारण कराया

इटावा। पंचायतराज विभाग इटावा के कर्मचारियों की समस्याओं को निस्तारण हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधि मंडल - जिला संरक्षक राजीव यादव, जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप धनगर, जिला मंत्री डॉ धर्मेंद्र यादव, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजीव वाल्मीकि, जिलासंघर्ष समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पंचायत राज विभाग के जिला अध्यक्ष शिवमंगल दास, जिला कोषाध्यक्ष अजय राय, पवन कुमार, विनोद यादव, शिवरतन कठेरिया, चंद्रशेखर, प्रीति देवी, इकवाल, भगीरथ आदि कर्मचारियों द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी से मुलाक़ात कर कर्मचारियों कीड्ढ समस्याओं का निस्तारण करवाने का प्रयास किया।

## कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होगा वार्षिक टेक फेस्ट

**इटावा– बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय इटावा के उत्साही छात्रों और अनुभवी संकायों के सहयोग से 30 जुलाई से 1 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रथम वार्षिक टेक फेस्ट आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अवनीश राय इस आयोजन में विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। यह फेस्ट अपने प्रकारों में से एक है, जो ज्ञान, कौशल और प्रदर्शन उत्कृष्टता को एक साथ समाहित करेगा। इसमें क्विज, तकनीकी प्रस्तुतिकरण, वाद विवाद प्रतियोगिता के साथ विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी कार्यक्रम किए जायेंगे। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को किसी भी मौजूदा महत्वपूर्ण समस्या का समाधान प्रदान करने के लिए अपना दिमाग लगाने और विचार-मंथन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस तरह के आयोजन इंजीनियरों, शोधकर्ताओं को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के लिए मार्गदर्शन करते हैं।**

# अग्नि पीड़ित परिवार को मिली आर्थिक मदद



फिरोजाबाद। शहर के बिहारी नगर में छह मई को चूड़ी जुड़ाई करते समय हुए अग्निकांड में झुलसे परिजनों को सदर विधायक की मदद से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई। मुहल्ला बिहारी नगर में एक ही परिवार के चार लोग चूड़ी जुड़ाई करते समय तेल की कुप्पी में आग लगने की वजह से झुलस गए थे। जिनमें राजवती देवी पत्नी जिलेदार शंखवार, दीपक पुत्र रामानंद, श्रीमती किरन शंखवार पत्नी रामानंद की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। विधायक ने प्रयास करने के बाद शासन से पीड़ित परिवार को छह लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त कराई है। इस मौके पर एसडीएम पल्लव, तहसीलदार संतराज, कानूनगो राधेश्याम, लेखपाल संजय उमेश राठौर, श्याम सिंह यादव, सुनील शर्मा, मनोज शंखवार, पंकज यादव, राजेश यादव, मुनेंद्र यादव, रामबहादुर शंखवार, कायम सिंह शंखवार आदि उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न




**फिरोजाबाद। उ.प्र महिला शिक्षक संघ की मासिक बैठक रॉयल सिटी पब्लिक स्कूल महावीर नगर में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्यां एवं संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। उ.प्र महिला शिक्षक संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में रीमा सिंह यादव जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में संगठन के ब्लाकबार कार्यकारिणी के विस्तार, पुनर्गठन, अध्यापकों के चयन वेतनमान, शिक्षिकाओं को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराने एवं आगामी त्यौहारों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने का लेकर चर्चा हुई। बैठक में डॉ वंदना तोमर जिला महामंत्री, साधना, अनीता, नीति, दीप्ति, रेनू, नीलम, गीतांजलि, पारुल, अर्चना जादौन, मधु, रुकमणी, नीतू, गरिमा, नमस्या, प्रिया, विनीता, मिली, अनीता भास्कर, नीतू जादौन, प्रेमवती, रश्मि, प्राची गुप्ता आदि मौजूद रही।**

## डीएम अवनीश कुमार व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाएं रखने अपील की



**इटावा/भरथना। मोहर्रम पर ताजिए निकलने के पहले डीएम अवनीश कुमार व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अचानक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी और शांति व्यवस्था बनाएं रखने अपील की। शनिवार को डीएम अवनीश कुमार व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मोहर्रम पर ताजिया भ्रमण से पहले अचानक भरथना पहुँचकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों से वार्ता कर शांति व भाईचारा बनाएं रखने की अपील की। इस दौरान सीओ विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी आदि साथ रहे। बाद में एसपी देहात सत्यपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र अंतर्गत जवाहर रोड़, आजाद रोड़, सराय आदि में पैदल भ्रमण किया।**

## कोचिंग संचालक की गोली मारकर हत्या

फिरोजाबाद। नगला सिंघी थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक का शव सड़क किनारे खड़ी थार गाड़ी में मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना नगला सिंघी के गांव पीपरिया के पास थार गाड़ी के अंदर युवक का शव मिला है। युवक के बीच माथे में गोली मारी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिस थार गाड़ी में शव मिला है, उसके अभी नंबर भी नहीं आए हैं। युवक की पहचान आगरा के ताजगंज के महुआ खेड़ा निवासी 22 वर्षीय धर्मवीर यादव पुत्र स्व. शिवराम यादव के रूप में हुई है। पिता की एक साल पहले ही सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मृतक के चचेरे भाई जितेन्द्र यादव ने बताया कि धर्मवीर बीती शाम को घर से निकला था। रात 10 बजे उससे घरवालों की बात भी हुई थी। उसने बताया था कि कमरे पर ही है। दोस्तों के साथ जा रहा है। धर्मवीर ने दो माह पहले तीन करोड़ की जमीन बेची थी। उसके पिता जमींदार थे। पिता की मौत के बाद घर की जिम्मेदारी वही संभाल रहा था। वह दो बहनों में इकलौता भाई था। बड़ी बहन उमा की शादी हो चुकी है। छोटी बहन पढ़ाई कर रही है। वह आगरा में पुलिस भर्ती की स्वयं तैयारी कर रहा था और कोचिंग भी चला रहा था। दस दिन पहले ही उसने थार गाड़ी ली थी। इसी के नाम पर यह थार गाड़ी है। ग्रामीणों की सूचना पर एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा, सीओ टूंडला अनिवेश कुमार और थाना प्रभारी कृपाल सिंह पहुंचे। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। इसके लिए दो टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## यौम-ए-आशूर पर गूंजा या हुसैन....... -कबरला में सुपुर्द ए खाक किए गए ताजिए

### -मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पेश की अकीदत

फिरोजाबाद। मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशूर के दिन शहर में या हुसैन, या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। शनिवार को मुस्लिम समुदाय ने अपने-अपने तरीकों से हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को खिराजे अकीदत पेश की। दिन भर मातम और ताजिया दफ्न करने का सिलसिला चलता रहा। घरों में नज्र का आयोजन किया गया। शनिवार को जिला मोहर्रम कमेटी का जुलूस दरगाह हजरत इमाम उद्दीन शाह, बाबा फक्ररुद्दीन शाह मोहल्ला शीशग्राम से प्रारंभ हुआ। जो कि नौसे वाला कुआं, झमैया टोला, होली वाली भट्टी, हाजीपुरा चौराहा, गालिब नगर, राही नगर, मक्का मस्जिद, शीतल खां शीशग्रान कब्रिस्तान होता हुआ कर्बला पहुंचा। जहां खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। घरों में कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी हुई। अकीदतमंदों में लंगर बांटा गया। सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात रहा। इस दौरान जिला मोहर्रम कमेटी के संयोजक सूफी गुलाम समदानी मियां, जिलाध्यक्ष मोहसिन मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूफी वकील मियां, उपाध्यक्ष जुबेर सर, महासचिव मजहर उद्दीन, महामंत्री गुड्डु मिया, सूफी गुलाम हसनैन मियां, हाशिम फिरोजाबादी, हाजी गुलाम साबिर, आसिफहसनैन, इकबाल, हाशिम सिद्दीकी, गुलाम अब्बास मियां सफ्दर हुसैन, करबला कब्रिस्तान में हिकमत उल्ला खां, असलम भोला आदि मौजूद रहे।

# अन्न मोटा अनाज प्रोत्साहन योजना का आयोजन




इटावा। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के तहत अन्न मोटा अनाज प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विरला शाक्य की अध्यक्षता में मोतीझील स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने प्रतियोगिता के जरिए इसके सेवन के फायदों को दर्शाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर पुष्पांजलि करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भर्थना पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने बताया कि ज्वार, बाजरा, चना, मक्का खाना शुरू करिए, गेहूं से दूरी बनाए, फिर देखिए आपका स्वाथ्य कितना शानदार होगा। जब आप स्वस्थ होंगे तो मानसिक स्वस्थता अपने आप आ जायेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता ने बताया कि यह योजना देश के करोड़ों लोगों के पोषण का कर्णधार, देश के आदिवासी समाज का सत्कार, कम पानी में ज्यादा फसल की पैदावार, केमिकल मुक्त खेती का बड़ा आधार के साथ क्लाइमेट चेंज की चुनौती से निपटने में मददगार बनेगी। क्षेत्रीय मंत्री मनीषा शुक्ला ने बताया कि भारत सरकार भी अपने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के हिस्से के रूप में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। विरला शाक्य ने अपने अध्यक्षीय समापन उद्बोधन में कार्यक्रम में सम्मिलित महिलाओं को मोटे अनाज के गुणों के बारे में प्रेरित एवं जागृत कर जानकारी दी। संचालन मानवी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में राधा पाल, रिचा मिश्रा, सोनिया चक, मांडवी मिश्रा, सरला कुशवाह, अनुराधा वर्मा, बबली प्रजापति सहित पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

## सांसद ने भरथना में गोमती, फरक्का ट्रेन के ठहराव की मांग की



भरथना, इटावा। बीते कई वर्षों से आम जनमानस द्वारा की जा रही माँग के आधार पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री/क्षेत्रीय सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया के प्रयास उपरान्त रेल मंत्रालय भारत सरकार ने भरथना रेलवे स्टेशन पर गोमती व फरक्का एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

रेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा के हस्ताक्षरयुक्त दिनांक 28-07-2023 को जारी स्वीकृत पत्र के आधार पर दिल्ली-हावडा रेलमार्ग स्थित भरथना रेलवे स्टेशन पर 13413/14-13483/84 फरक्का एक्सप्रेस (मालदा टाउन-दिल्ली) व 12419/20 गोमती एक्सप्रेस (नई दिल्ली-लखनऊ) ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया गया है। हालांकि ट्रेन ठहराव सम्बन्धी उक्त स्वीकृत पत्र में ट्रेनों के ठहराव की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। भरथना रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित होने के बाद नगर व क्षेत्रीय यात्रियों को कानपुर, लखनऊ, दिल्ली सहित अन्य महानगरों तक आवागमन करने में सहूलियत मिलेगी। जनहित की उक्त खबर सुनकर नगर व क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह आ गया है। दोनों नई ट्रेनों सहित कोरोना काल में बन्द हुई मुरी, महानन्दा, संगम, लिंक एक्सप्रेस ट्रेनों के भरथना रेलवे स्टेशन पर ठहराव के सम्बन्ध में बीते करीब एक पखवारा पहले रेलमंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव से क्षेत्रीय सांसद प्रो0 रामशंकर कठेरिया ने भेंटवार्ता कर एक ज्ञापन पत्र सौंपा था। साथ ही नगर के कुछ समाजसेवियों द्वारा भी उक्त सभी ट्रेनों के ठहराव के सम्बन्ध में रेल मंत्रालय समेत विभागीय उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड पत्र भी भेजे गये थे।

# डीएम एसएसपी ने जुलूस में शांति हेतु पैदल गश्त किया



इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मोहर्रम के अवसर पर जुलूस में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों के साथ रामगंज चौराहा से नया शहर चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा से होते हुए नोरंगाबाद पुलिस चौकी तिराहा तक पैदल गस्त किया । उन्होंने रामगंज चौराहा पर मौके पर जाकर खंभों पर लटकते हुए तारों को देखकर विद्युत एक्सईएन से नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में जो भी लटकते हुए तार दिख रहे हैं इन्हें 1 घंटे में तत्काल ऊंचे कराए जाय। उन्होंने संबंधित जुलूस के सदस्यों से कहा कि जो भी घरों के सामने खंभों पर तार लटक रहे हैं इसके दृष्टिगत ध्यान में रखते हुए जुलूस में ताजिया की ऊंचाई तारों से ऊंची नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने आवंटित सीमा स्थलों तक जुलूस में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे ।उन्होंने कहा कि जुलूस रामगंज चौराहा से शुरू होकर नया शहर चौराहा ,नौरंगाबाद चौराहा ,नौरंगाबाद पुलिस चौकी तिराहा ,पक्का तालाब चौराहा, नुमाइश चौराहा से 22 ख्वाजा पर दफन किया जाएगा जिसमें कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखें । उन्होंने कहा कि आवंटित सीमा स्थल की समाप्ति के उपरांत संबंधित अधिकारी जुलूस की समाप्ति स्थल तक अपनी अपनी जिम्मेदारी निष्ठा पूर्ण निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जुलूस के समय जगह जगह पुलिस की तैनाती की गई है जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था का प्रबंध किया जाए जिससे कि जनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जुलूस के समय जुलूस मार्ग में छुटटा पशुओं का आवागमन नहीं होना चाहिए जिससे जुलूस में सम्मिलित होने वाले छोटे-छोटे बच्चे आदि को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की जुलूस के समय उपचार से संबंधित दवाओं को पर्याप्त मात्रा में रखें साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जसवंतनगर एवं भरथना में भी पैदल गस्त किया गया। भ्रमण के दौरान अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गौंड, एसपी सिटी कपिल देव सिंह, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## छुरियों का मातम कर इमाम हुसैन की मुसीबत को याद किया

इटावा। शिया समाज के मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस आलमपुरा से परम्परागत तरीके से मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व व मुशीर हैदर, राहत अक़ील की देखरेख में अदबो एहतराम के साथ निकला ताजियों को बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया। मोहर्रम के अलविदाई ताजिओ का जुलूस शनिवार की सुबह मोहल्ला आलमपुरा से उठा और कोतवाली चौराहा, जिला परिषद कार्यालय, तिकोनिया, पुल कहारान, नोरंगबाद चौराहा, शाही मस्जिद नोरंगबाद, पक्का तालाब होते हुए बाइस ख्वाजा स्थित कब्रिस्तान पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक किया गया। जुलूस में एक बड़ा ताजिया सहित दर्जनों छोटे ताजिये, अलम, इस्लामी परचम शामिल थे। शिया युवक व बच्चे हाथों में अलम, इस्लामी परचम और छोटे छोटे ताजिये लेकर आगे चल रहे थे। ताजियों के भ्रमण के दौरान शिया युवकों व बच्चों ने शाही मस्जिद व नोरंगबाद पुलिस चौकी के पास पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी छुरियों और कमा का मातम कर अपने आप को लहूलुहान कर कर्बला में इमाम हुसैन की मुसीबतों को याद किया। नोरंगबाद चौराहे पर मौलाना मिर्जा अज़हर अब्बास दिल्ली, शाही मस्जिद के पास मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने अपनी तकरीर में इमाम हुसैन व शहीदाने कर्बला का दर्दनाक मंजर पेश किया। जुलूस में जाफर ईरानी, राहिल सगीर, जामिन अब्बास, कैफ वारसी ने मातमी नोहा ख्वानी की, राहत हुसैन रिज़वी, शावेज़ नक़वी, आरिफ हैदर ने सदायें पढ़ीं। ताजियों के जुलूस व छुरियों का ।मातम देखने वालों से सड़कों पर जाम लग गया। जुलूस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते ताजिये शांतिपूर्ण माहौल में सुपुर्द ए खाक हुए। इसके उपरांत इमामबाड़ा घटिया अज़्मत अली और इमामबाड़ा आलमपुरा में शाम ए गरीबां की मजलिसों का आयोजन किया गया।

## आक्सीजन प्लांट में चोरी

**इटावा। जिला अस्पताल में बीएमजीएफ आक्सीजन प्लांट की एयर वैक्यूम, सक्शन एवं आक्सीजन की पाइप लाइन को शुक्रवार की रात में काटकर चुरा लिया गया। इसकी जानकारी शनिवार को तब हुई जब प्लांट के कर्मचारी आए। उन्होंने इसकी सूचना इमरजेंसी स्टाफ और सिविल लाइन थाना को दी।**

# टी-20 वर्ल्ड कप अगले साल 4 से 30 जून तक

## 10 शहरों में 55 मैच होंगे; 147 साल के क्रिकेट इतिहास में पहली बार अमेरिका को भी मेजबानी



**स्पोर्ट्स डेस्क।** 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप 4 से 30 जून तक खेला जाएगा। अमेरिका और वेस्टइंडीज के 10 शहरों में 27 दिन तक 20 टीमों के बीच 55 मैच होंगे। 147 साल के क्रिकेट इतिहास में अमेरिका पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलके किसी ग्लोबल इवेंट की मेजबानी करेगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अमेरिका के शॉर्टलिस्ट किए गए 4 शहरों को इंस्पेक्ट कर लिया है, इनमें से 3 को इंटरनेशनल स्टेटस नहीं मिला है। अगले कुछ महीनों में सभी वेन्यू फाइनल कर दिए जाएंगे। अगर अमेरिका में वर्ल्ड कप हुआ तो ओलिंपिक में क्रिकेट शामिल किए जाने की उम्मीदें भी बढ़ जाएंगी। जिस पर ओलिंपिक कमेटी इस साल के अंत तक फैसला लेगी।

### वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस जरूरी

अमेरिका के 4 शहरों फ्लोरिडा, मोरिसविले, डालास और न्यू यॉर्क को फिलहाल शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें केवल फ्लोरिडा स्थित लॉडरहिल स्टेडियम को ही इंटरनेशनल स्टेटस मिला है। यहीं अगस्त में भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टी-20 मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 3 शहरों को इंटरनेशनल स्टेटस मिलना बाकी है। ढ्रष्ट गाइडलाइन के अनुसार, वर्ल्ड कप होस्टिंग के लिए इंटरनेशनल स्टेटस मिलना जरूरी है। मोरिसविले (चर्च स्ट्रीट पार्क) और डालास (ग्रैंड पीयर स्टेडियम) में फिलहाल मेजर लीग टी-20 टूर्नामेंट के मैच खेले जा रहे हैं, जबकि न्यू यॉर्क (वैन कोर्टलैंट पार्क इन द ब्रॉन्क्स) में फ्रेंचाइजी या इंटरनेशनल किसी भी लेवल का कोई मैच आयोजित नहीं हुआ। अमेरिकी शहरों में टूर्नामेंट के कुछ मैचों के साथ ज्यादातर वॉर्म-अप मुकाबले होंगे। वहीं वेस्टइंडीज में वॉर्म-अप मैच कम और मुख्य मुकाबले ज्यादा होंगे। फ्लोरिडा के लॉडरहिल शहर में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच पहला इंटरनेशनल मैच 2010 में खेला गया था। न्यूजीलैंड ने इस टी-20 मुकाबले को 28 रन से जीता था। इस स्टेडियम में अब तक 14 इंटरनेशनल मैच हो चुके हैं। 2021 और 2022 में खेले गए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में 16-16 टीमें थीं। 8 में से 4 टीमें क्वालिफायर खेलकर सुपर-12 स्टेज का हिस्सा बनती थीं। दोनों टूर्नामेंट में 45-45 मैच हुए थे। 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट में अब पहली बार 20 टीमें शामिल होंगी और टूर्नामेंट में पहली बार 50 से ज्यादा मैच होंगे। 2007 में भारत ने पहला खिताब जीता था।



### 20 टीमों का टूर्नामेंट होगा, 15 टीमें क्वालिफाई

2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। होम टीम अमेरिका और वेस्टइंडीज समेत पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में टॉप-8 पोजिशन पर रहीं टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने टी-20 रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई किया। वहीं इसी सप्ताह आयरलैंड, स्कॉटलैंड और पापुआ न्यू गिनी ने रीजनल क्वालिफायर्स के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाई। आयरलैंड और स्कॉटलैंड ने यूरोप रीजन क्वालिफायर्स में टॉप कर जगह बनाई, जबकि पीएनजी ने एशिया-पेसिफिक क्वालिफायर्स में टॉप किया। टूर्नामेंट में 5 टीमें और क्वालिफाई करेंगी। इनमें अमेरिकन क्वालिफायर से एक, अफ्रीका से 2 और एशिया रीजन से 2 और टीमें आएंगी। 20 टीमों को 5-5 टीमों के 4 ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज में 40 मैच होंगे। सुपर-8 स्टेज में पहुंचेंगी, इस स्टेज में 12 मैच होंगे

### हरारे हरिकेंस के लिए श्रीसंत ने हासिल की सुपर ओवर में जीत

**हरारे।** चालीस की उम्र में भी श्रीसंत का क्रिकेट के लिए रोमांच बरकार है। उन्होंने हाल ही में हरारे हरिकेंस के लिए सुपर ओवर में रोमांचक जीत हासिल की है। एक समय में सफ़ेद बॉल क्रिकेट में सबसे विस्फोटक गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने गेम-चेंजिंग ओवर के साथ जिम एफ्रो टी10 में खुद को पेश किया है। हाई-फ्लाइंग केप टाउन सैंप आर्मी के खिलाफ इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली हरारे हरिकेंस के लिए आठ रनों का बचाव करते हुए, श्रीसंत ने पहले एक विकेट लिया और फिर एक रन आउट किया, जिससे हरिकेंस ने गेम टाई कर दिया और फिर सुपर ओवर में नाटकीय तरीके से जीत हासिल की।

### इंडिया-पाकिस्तान मैच की अगस्त में बिकेंगी टिकटें

**नई दिल्ली।** इंडिया-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट का मुकाबला देखने के लिए अगस्त में बुकिंग शुरु होने जा रही है। श्रीलंका में होने वाले एशिया कप को लेकर जहां दर्शकों में भारी उत्साह है, वहीं श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड कमाई करने के मूड में नजर आ रहा है। इसके लिए लुभावने ऑफर भी दिए जा रहे हैं। क्रिकेट विश्व कप की तरह एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान के मुकाबले को लेकर क्रिकेट फैंस उत्सुक हैं। उम्मीद है कि एशिया कप के फाइनल में पहुंचने तक भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबले हो सकते हैं। ऐसे में श्रीलंका में होने वाले इन मुकाबलों के लिए फैंस ने उत्सुकता दिखानी शुरू कर दी है। एशिया कप के लिए अभी टिकट काऊंटर खुला नहीं है।

### स्पोर्ट्स ब्रा पहने दिखे बाबर आजम....लोग कर रहे ट्रोल

**गाले।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम श्रीलंका में हुए 2 टेस्ट मैचों की सीरीज को जीत चुकी हैं। इसी बीच पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह अपने एक प्रशंसक को अपनी जर्सी उपहार में देते हुए दिख रहे हैं। अपने कार्य के लिए हालांकि बाबर की कुछ प्रशंसा भी हुई लेकिन कुछ क्रिकेट फैंस ने यह नोटिस किया कि बाबर ने टी शर्ट के नीचे स्पोर्ट्स ब्रा पहनी हुई थी। वीडियो वायरल होने पर फैंस को जमकर ट्रोल भी किया। हालांकि, यह बात भी क्रिकेट फैंस के ध्यान में हैं कि दुनिया के विभिन्न खेलों के सुपरस्टार भी स्पोर्ट्स ब्रॉ पहनते हैं। लियोनेल मेस्सी, कांटे, एडामा ट्रोरे और नेमार भी कई मौकों पर स्पोर्ट्स ब्रा पहने दिखे हैं।

## स्टीव स्मिथ के रन आउट डिसिजन पर कंट्रोवर्सी- रिप्ले देखकर पवेलियन लौटने लगे बैटर, अंपायर ने दिया नॉट आउट



**स्पोर्ट्स डेस्क।** ऐशेज के पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के रन आउट को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है। यह मामला टेस्ट में दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 78वें ओवर के दौरान हुआ। रिप्ले देखकर पवेलियन लौटने लगे थे स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई पारी के 78वें ओवर में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स बॉलिंग कर रहे थे। स्मिथ के साथ क्रीज पर कप्तान पैट कमिंस थे। ओवर की तीसरी बॉल पर स्मिथ ने मिडविकेट की तरफ शॉट खेला और 2 रन लेने के लिए दौड़ पड़े। इतने में सब्स्टिट्यूट फील्डर जॉर्ज एल्हम ने बॉल को विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो की ओर थ्रो किया। स्मिथ उस समय 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इस जीवनदान के बाद उन्होंने 71 रन की पारी खेली। बेयरस्टो ने बॉल को कलेक्ट करते ही स्टंप्स में मार दिया।

### अंपायर बोले, गिल्लियां गिरने से पहले क्रीज में आ गए थे बैटर

रिप्ले के दौरान थर्ड अंपायर नितिन मेनन ने कहा, 'स्टंप से बैल्स गिरने से पहले बैट क्रीज के अंदर आ चुका है।' इतना कहने के बाद अंपायर ने टीवी स्क्रीन पर नॉट आउट का सिग्नल दे दिया। नियम 29.1 के अनुसार, किसी बल्लेबाज के रन आउट होने के लिए जरूरी है कि जब गेंद स्टंप से टकराए तो विकेट पर रखी बैल्स गिर जानी चाहिए या एक स्टंप जमीन से पूरी तरह उखड़ जाना चाहिए। अगर गेंद विकेट के टकराई और बैल्स नहीं गिरी तो बल्लेबाज आउट नहीं माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर ऐशेज सीरीज के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 12 रनों की बढ़त हासिल की है। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन कंगारू टीम अपनी पहली पारी में 295 रनों पर ऑल आउट हो गई। स्टीव स्मिथ ने 71 रनों की पारी खेली, जबकि ओपनर उस्मान ख्वाजा 47 रन पर आउट हुए। इससे पहले, इंग्लैंड पहली पारी में 283 रनों पर ऑलआउट हुई।

## छेत्री एशियन गेम्स टीम में शामिल नहीं- अंडर-23 टीम के साथ 3 सीनियर भेज सकते हैं

**दिल्ली।** एशियन गेम्स के लिए जाने वाली मेंस फुटबॉल टीम में भारतीय कप्तान सुनील छेत्री, गोलकीपर गुरप्रीत सिंह और संदेश झिंगन का नाम शामिल नहीं किया गया है। एशियन गेम्स के लिए फुटबॉल में अंडर-23 से ऊपर के केवल तीन खिलाड़ियों को ही भेजा सकता है। वहीं महिलाओं की टीम के लिए कोई ऐज लिमिट नहीं है। हालांकि इंडियन फुटबॉल संघ को अपनी गलती का एहसास हो गया, जिसके बाद उन्होंने सुनील छेत्री, गुरप्रीत सिंह और संदेश झिंगन के नाम जोड़ने के लिए आयोजकों से अनुरोध किया है।



सेक्रेटरी शाजी प्रभाकरन ने अपने दिए बयान में कहा कि हम इन तीन खिलाड़ियों के नाम जोड़ने के लिए अधिकारियों के संपर्क में हैं। हमें उम्मीद है कि अनुमति मिल जाएगी। एशियन गेम्स के लिए अंडर-23 से ऊपर के खिलाड़ियों में मिडफिल्डर महेश सिंह नाओरेम, डिफेंडर रोशन सिंह नाओरेम और डिफेंडर आशीष राय को शामिल किया गया है। चूंकि एशियन गेम्स 2022 में होना था कोरोना की वजह से एक साल के लिए टाल दिया गया। ऐसे में ऐज 2022 के अनुसार मानी जाएगी। इन 3 खिलाड़ियों की उम्र फिलहाल 24 साल है, लेकिन एज लिमिट के अनुसार तीनों अंडर-23 खेल सकते हैं। इनके अलावा सभी खिलाड़ियों की उम्र 23 साल या उससे कम ही है। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा है कि जब मंत्रालय से फुटबॉल टीम को एशियन गेम्स में भेजने का अनुरोध किया गया था।

## 5वें ऐशेज टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया 295 पर सिमटी- स्मिथ ने खेली 71 रनों की पारी

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर ऐशेज सीरीज के 5वें टेस्ट की पहली पारी में 12 रनों की बढ़त हासिल की है। शुक्रवार को मुकाबले के दूसरे दिन कंगारू टीम अपनी पहली पारी में 295 रनों पर ऑलआउट हो गई। स्टीव स्मिथ ने 71 रनों की पारी खेली, जबकि ओपनर उस्मान ख्वाजा 47 रन पर आउट हुए। निचले क्रम पर कप्तान पैट कमिंस ने 36 और टॉड मर्फी ने 34 रन का योगदान दिया। लंदन के द ओवल की पिच पर इंग्लिश पेसर्स का जलवा रहा। यहां 10 में से 8 विकेट पेसर्स ने चटकाए। दो विकेट कप्तान जो रूट को मिले। वोक्स ने झटके तीन विकेट, ब्रॉड-वुड को 2-2 सफलताएं गेंदबाजी में इंग्लिश टीम की ओर से क्रिस वोक्स ने तीन विकेट झटके। स्टुअर्ट ब्रॉड, मार्क वुड 2-2 विकेट मिले। साथ ही जेम्स एंडरसन को एक विकेट मिला। 2 विकेट कप्तान रूट ने लिए। 61/1 से खेलने उतरी थी कंगारू टीम ऑस्ट्रेलिया ने दिन के खेल की शुरुआत 61/1 के स्कोर से की। लंच तक टीम का स्कोर 115/2 हो गया और दूसरा सेशन समाप्त होते-होते टीम ने 186 रन पर 7 विकेट गंवा दिए। लंच पर नाबाद लौटे ओपनर उस्मान ख्वाजा 47 रन पर आउट हो गए, जबकि मार्नस लाबुक्षेन 9 रन के निजी स्कोर पर मार्क वुड का शिकार बने। एक समय ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में अंग्रेजों के स्कोर से पहले ही ऑलआउट हो जाएगी, लेकिन नंबर-9 पर खेलने उतरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉड मर्फी के साथ नौवें विकेट के लिए 68 बॉल पर 49 रन जोड़े। कप्तान पैट कमिंस ने 36 बन बनाए। उन्होंने टॉड मर्फी के साथ नौवे विकेट के लिए 49 रनों की पार्टनरशिप की।

## आर पी सिंह बोले- सिराज से सीखें युवा तेज गेंदबाज- लेफ्ट आर्म पेसर्स जिम नहीं नेट्स में ज्यादा प्रैक्टिस करें, तभी टिक पाएंगे

**दिल्ली।** आरपी सिंह ने कहा कि युवा बॉलरों, खास तौर से लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर्स, को मोहम्मद सिराज से सीख लेनी चाहिए। पूर्व तेज गेंदबाज भारत और वेस्टइंडीज के बीच चल रहे वनडे सीरीज में जियो सिनेमा के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'लेफ्ट आर्म पेसर्स को युवा राइट आर्म फास्ट बॉलर मोहम्मद सिराज से सीख लेनी चाहिए। सिराज टीम से ड्रॉप भी हुए, लेकिन उन्होंने लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया और अब टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। युवा लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर अर्शदीप सिंह लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह टीम में अपना स्थान पक्का कर लेंगे।' आरपी सिंह का मानना है कि वनडे वर्ल्ड कप में शुभमन गिल और रोहित शर्मा ही ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में शुभमन गिल और ईशान किशन ने ओपनिंग की थी। सिंह ने कहा कि रोहित ने ईशान को खुलकर खेलने का मौका देने के लिए ओपनिंग कराई। यह टीम की अच्छी रणनीति है। लेकिन वनडे में रोहित ही गिल के साथ ओपनिंग करेंगे। आरपी सिंह ने वनडे वर्ल्ड कप में नंबर-4 की पोजिशन पर सूर्यकुमार यादव का समर्थन किया। उन्होंने कहा, 'अगर श्रेयस अय्यर टाइम पर फिट नहीं हो पाते हैं तो टीम इंडिया को चौथे नंबर पर सूर्यकुमार के साथ ही जाना चाहिए। सूर्यकुमार के विकल्प को खारिज करना मूर्खतापूर्ण होगा।'



## कारोबार

### अब तेल रहित चावल की भूसी पर भी लगेगी रोक

**मुंबई।** केंद्र की मोदी सरकार ने गैर-बासमती चावल के बाद अब तेल रहित चावल की भूसी पर भी प्र?तिबंध लगाने का फैसला किया है। सरकार ने यह रोक 30 नवंबर, 2023 तक के लिए लगाई है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड (डीजीएफटी) के द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी गई है। ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत विश्व में तेल रहित चावल की भूसी का निर्यात करने वाला बड़ा देश है। भारत हर साल 10 लाख टन से अधिक चारे को विदेशों में निर्यात करता है। ऐसे में सरकार के इस फैसले का असर दुनियाभर पर पड़ेगा। तेल रहित चावल की भूसी का इस्तेमाल आमतौर पर जानवरों के चारे के लिए किया जाता है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल शराब बनाने के लिए और कई बीमारियों की दवाई जैसे कोलेस्ट्रॉल,दिल, मोटापे, उच्च रक्तचाप आदि के इलाज के लिए किया जाता है। गौरतलब है कि भारत में पिछले कुछ महीनों में दूध के दामों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है जानवरों के भूसे की कीमतों में तेजी। ऐसे में चारे के दाम को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने तेल रहित चावल की भूसी के निर्यात पर प्र?तिबंध लगाया है।

## नाम बदलने के बाद ट्विटर का रेवेन्यू शेयरिंग प्रोग्राम शुरू- एक्स के वैरिफाइड कॉन्टेन्ट क्रिएटर्स कमा सकेंगे पैसा, मस्क ने कहा- क्रिएट एनीथिंग





**दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) ने भारत सहित दुनियाभर में एड रेवेन्यू शेयरिंग प्रोग्राम शुरू कर दिया है। इसके जरिए प्लेटफॉर्म के वेरिफाइड कॉन्टेन्ट क्रिएटर्स पैसा कमा सकेंगे। कंपनी ने 14 जुलाई को इस प्रोग्राम को लॉन्च किया था। ने ऑफिशियल अकाउंट से पोस्ट कर लिखा, 'आज से Ads रेवेन्यू प्रोग्राम सभी यूजर्स के लिए लाइव हो गया है। आप मोनेटाइजेशन को ऑन कर अपनी पोस्टिंग के बदले पैसा कमा सकते हैं। एक क्रिएटर के तौर पर हम आपको आपकी मेहनत के पैसे देना चाहते हैं, ताकि आपकी आजीविका चलती रहे। आपको पुरस्कृत करने की दिशा में यह हमारा पहला कदम है।' एक्स ने 29 अप्रैल को ऑफिशियल अकाउंट से पोस्ट करते हुए बताया था कि 'दुनियाभर के क्रिएटर्स अब साइन अप कर सकते हैं और ट्विटर पर कमाई कर सकते हैं। अप्लाई करने के लिए सेटिंग में मोनेटाइजेशन पर टैप करें।'

### एक्स से रेवेन्यू जनरेट करने के लिए कैसे एलिजेबल बनें

- एक्स ब्लू या वैरिफाइड ऑर्गेनाइजेशन की मैंबरशिप लें।
- पिछले 3 महीनों में हर पोस्ट पर कम से कम 5 मिलियन इंप्रेशन मिले हों।
- क्रिएटर मोनेटाइजेशन स्टैंडर्ड्स के लिए ह्यूमन रिव्यू पास करें।
- कंटेंट क्रिएटर्स के लिए मोनेटाइजेशन प्रोग्राम कैसे काम करेगा?

एलन मस्क ने 14 अप्रैल को पोस्ट करते हुए कहा था कि %अपने फॉलोअर्स को लॉन्गफॉर्म टेक्स्ट से लेकर घंटों लंबे वीडियो तक किसी भी मटेरियल का सब्सक्रिप्शन ऑफर करने के लिए अप्लाय करें। सेटिंग्स में बस ÷मोनेटाइजेशन÷ पर टैप करें। मोनेटाइजेशन से की गई कमाई का कोई भी हिस्सा अगले 12 महीनों तक ट्विटर नहीं लेगा। हालांकि एंड्रॉएड औ रआईओएस 30 प्रतिशत फीस वसूलता है। ये चार्ज क्रिएटर की इनकम से डिडक्ट हो जाएगा। वेब पर चार्ज 8 प्रतिशत के करीब है।

## ग्राहकों को वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज खूब आ रही पसंद -जमा लिया 25 प्रतिशत प्रीमियम ईवी बाजार पर कब्जा

**नई दिल्ली।** भारत में कम बजट वाले ग्राहकों के लिए जहां टाटा नेक्सॉन ईवी और एमजी जेडएस जैसी कारें हैं, वहीं अधिक बजट वालों के लिए वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज जैसी प्रीमियम इलेक्ट्रिक कारें उपलब्ध हैं। सस्ती इलेक्ट्रिक कारों में जैसे टाटा नेक्सान ईवी ने कब्जा जमा रखा है, वैसे ही लग्जरी इलेक्ट्रिक कारों में वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज लोगों को खूब पसंद आ रही है। हाल ही में वोल्वो इंडिया ने खुलासा किया है कि कंपनी कि वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज इलेक्ट्रिक एसयूवी ने इस साल के पहले छह महीनों में लग्जरी ईवी सेगमेंट में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल कर ली है। यह भारतीय बाजार में कंपनी की एकमात्र प्योर इलेक्ट्रिक कार है। इसे कंपनी 56.90 लाख रुपये की एक्स-शोरूम कीमत में बेच रही है। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से जून 2023 के बीच वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज की 241 यूनिट की बिक्री दर्ज की गई है, जो कि इसी अवधि में लग्जरी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री का 25 प्रतिशत है।कार का इलेक्ट्रिक मोटर 408 बीएचपी की पॉवर के साथ 660 एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। वोल्वो एक्ससी40 रिचार्ज को कंपनी 3 साल की कॉम्प्रिहेंसिव वारंटी पैकेज के साथ बेच रही है। वहीं इसकी बैटरी पर 8 साल की वारंटी मिल रही है। कॉम्प्रिहेंसिव वारंटी में कंपनी ग्राहकों को 3 साल का सर्विस पैकेज और 3 साल का रोड साइड असिस्टेंस सर्विस भी दे रही है। कंपनी ने इसे जुलाई 2022 में लॉन्च किया था, वहीं इसकी डिलीवरी नवंबर से शुरू की गई थी। इस एसयूवी में 78 केडब्ल्यूएच की बैटरी पैक मिलती है जिससे एसयूवी को फुल चार्ज पर 418 किलोमीटर की सर्टिफाइड रेंज मिलती है।



### एचटी मीडिया लिमिटेड घाटा कम होकर 18.98 करोड़ हुआ

**मुंबई।** एचटी मीडिया लिमिटेड ने कहा कि जून 2023 में समाप्त पहली तिमाही में उसका एकीकृत घाटा कम होकर 18.98 करोड़ रुपये रहा। एचटी मीडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 41.80 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था। कंपनी की परिचालन आय जून तिमाही में 6.34 प्रतिशत घटकर 393.42 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 420.09 करोड़ रुपए थी।

## 41 लाख में बिकेगा टेक कंपनी एपल का जूता

### 1990 के दशक में अपने कर्मचारियों के लिए तैयार किया था, आम लोगों के लिए अब भी उप्लब्ध नहीं



**नई दिल्ली।** दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में से एक एपल के करीब 30 साल पुराने जूतों को नीलामी के लिए लिस्ट किया गया है। ई-कॉमर्स वेबसाइट सूदबी पर जूतों की एक जोड़ी की बेस प्राइस 50 हजार डॉलर यानी करीब 41 लाख रुपए रखी गई है। कंपनी ने 1990 के दशक में इन जूतों को कंपनी ने खास तौर से नेशनल सेल्स कॉन्फ्रेंस के लिए डिजाइन करवाया था और ये कर्मचारियों को स्पेशल गिफ्ट के तौर पर दिए गए थे। इन जूतो को बनाने के लिए एपल ने ओमेगा स्पोर्ट्स के साथ पार्टनरशिप की थी। यही वजह है कि ऐपल के जूतों की कीमत इतनी ज्यादा लगाई गई है।

### एपल के सीईओ में है 'थिंक डिफरेंट'

- एपल कभी बाजार के मौजूदा प्रोडक्ट से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं करती, बल्कि खुद का अलग प्रोडक्ट लाने में यकीन रखती है। फिर चाहे एमपी3 प्लेयर हो, टैबलेट हो, ईयरपॉड हो, वॉच हो या कंप्यूटर।
- दूसरी कंपनियों की तरह यहां फैसला लेने के लिए अलग-अलग कमेटियां नहीं हैं। एपल में एक केंद्रीय कार्यकारी समिति काम करती है, जो प्रोडक्ट के डिजाइन और उसे तैयार करने में लगातार साथ-साथ काम करती है। यही कमेटी अंतिम निर्णय लेती है।
- हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम और एप्लिकेशंस एपल का खुद का होता है। एपल में सबसे खास है- डिजाइन। एपल के पूर्व कार्यकारी टोनी फेडेल बताते हैं कि अक्सर पूछा जाता है कि एपल के डिजाइन को कैसे टक्कर दें। तो वे कहते थे कि एपल को कॉपी करना बंद करें और खुद की डिजाइन पर फोकस करें।

# पाकिस्तान कई देशों में भारत विरोधी धरने कराएगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर भारत की दुनियाभर में छवि खराब करने की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस पर एक टूल किट जारी की है। इसमें अलग-अलग देशों में अपने दूतावास और हाई कमिशन को 5 अगस्त को भारत के खिलाफ प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। पाकिस्तान 5 अगस्त को यौम-ए- इस्तेशाल यानी शोषण के दिन के तौर पर मनाएगा। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने कानून लाकर जम्मू-कश्मीर को खास दर्जा देने वाले संविधान के आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया था।




## जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद और खराब हुए भारत-पाक संबंध

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहद खराब हो गए थे। उस वक्त पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान थे। उन्होंने कहा था कि जब तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल नहीं किया जाएगा, तब तक भारत से कोई बातचीत नहीं होगी। इधर, भारत ने भी कहा कि जब तक आतंकियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक बातचीत का सवाल ही नहीं। तब से 4 चार साल बाद तक 5 अगस्त के दिन पाकिस्तान देशभर में भारत के खिलाफ धरने-प्रदर्शन कराता है। यहां तक की पाकिस्तान के नेता दूसरे देशों में जाते हैं तो वो भी कश्मीर के मुद्दे पर भारत को कोसने का मौका ढूंढ लेते हैं। पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ ने साल की शुरुआत में भारत से बातचीत की गुहार लगाई और फिर आर्टिकल 370 का बहाना लेकर पलट गए। शाहबाज ने अल अरेबिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'भारतीय लीडरशिप और प्रधानमंत्री मोदी को मेरा संदेश है कि आइए मेज पर बैठते हैं और हमारे बीच के कश्मीर जैसे मसलों पर समझदारी से बात करते हैं।' इसके बाद पाक पीएमओ ने अपने बयान में कहा था- प्रधानमंत्री की बात को गलत तरीके से लिया गया।

# कश्मीर में नेटवर्क बढ़ाने की फिराक में आतंकी संगठन अल-कायदा

## संयुक्त राष्ट्र का खुलासा- तालिबान से दोस्ती बढ़ा रहा



**कश्मीर।** आतंकी संगठन अल-कायदा जम्मू-कश्मीर, बांग्लादेश और म्यांमार में अपनी पैठ जमाने की कोशिश कर रहा है, जिससे वो आतंकी ऑपरेशन्स को अंजाम दे सके। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इसके लिए संगठन अफगानिस्तान में तालिबान से रिश्ते बेहतर करने पर फोकस कर रहा है। अल कायदा और इस्लामिक स्टेट के ऑपरेशन्स पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की टीम ने ये रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन सब-कॉन्टिनेंट में अल-कायदा के एक संगठन अल-कायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 200 लड़ाके मौजूद हैं। इनका लीडर आतंकी ओसामा महमूद है। वहीं अफगानिस्तान में इस संगठन के 400 लड़ाके हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक मेंबर स्टेट ने दावा किया है कि एक्यूआईएस क्षेत्र में आईएसआईएस के खोरासान प्रॉविंस से जुड़ने के लिए तैयार है। अफगानिस्तान में गुप्त रूप से काम करता है, जिससे तालिबान पर ये आरोप न लग सके कि वो अफगानिस्तान का इस्तेमाल आतंकी को बढ़ाने में कर रहा है।

### हमले करने के लिए टीटीपी की मदद कर रहा एक्यूआईएस

वहीं एक स्टेट ने दावा किया है कि ये संगठन टीटीपी में शामिल होकर तालिबान का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्यूआईएस लगातार टीटीपी को पाकिस्तान में ज्यादा से ज्यादा आतंकी हमले करने में मदद कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आईएसआईएल से जुड़े करीब 6 हजार आतंकी और उनके परिजन अफगानिस्तान में हैं। वे लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं। अलकायदा और आईएसआईएल को मिलाकर अफगानिस्तान में कुल 20 आतंकी संगठन सक्रिय होने का अनुमान है। इनका लक्ष्य मौका मिलते ही नए क्षेत्रों में अपनी पैठ बनाना है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने वाले तालिबान और अल-कायदा के बीच संबंध गहरे संबंध हैं।

### भारत में आतंकी संगठन एक्यूआईएस कितना एक्टिव

दिल्ली में 2015 में तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद एक्यूआईएसकी भारत में मौजूदगी का पहली बार पता चला था। दिल्ली पुलिस ने बाद में एक्यूआईएस के आतंकी मौलाना अब्दुल रहमान कासमी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दावा किया कि इस आतंकी संगठन ने झारखंड के जंगलों में ट्रेनिंग कैंप बना रखा है। जुलाई 2021 में पुलिस ने अल कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अंसार गजवत उल हिंद के 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। भारत में अब एक्यूआईएस का कोई बेस नहीं है। अल-कायदा का अरबी में मतलब 'आधार' होता है। अफगानिस्तान पर सोवियत संघ का कब्जा था, उस दौर में सोवियत संघ को अफगानिस्तान से बाहर निकालने के लिए कई संगठन बने।

# ताइवान, फिलिपींस के बाद चीन पहुंचा टाइफून डोकसुरी

## लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा



ताइवान और फिलिपींस में तबाही मचाने के बाद डोकसुरी टाइफून चीन पहुंच गया है। तेज बारिश और हवा के चलते चीन में जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं, पावर लाइन कट गई हैं। यहां तक कि एक स्टेडियम की छत भी उखड़ गई है। 2016 के बाद डोकसुरी टाइफून चीन के तट से टकराने वाला दूसरा बड़ा तूफान है। लोगों को इस तूफान के असर से बचाने के लिए चीन ने कई जगह स्कूलों, ऑफिस और दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। डोकसुरी से अब तक 7 लाख 24 हजार लोग प्रभावित हो चुके हैं। जबकि 12 लाख 4 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इससे 60 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

### 5 लाख लोगों के घरों में बिजली नहीं

डोकसुरी टाइफून से अकेले चीन की पोर्ट सिटी फुजियान में 39 लोग घायल हो चुके हैं। जबकि वहां 5 लाख घरों में बिजली नहीं है। वहीं शियामेन नाम की जगह पर लोग अपने काम पर नहीं गए हैं। वहां रहने वाले झुआंग नाम के एक युवक ने रॉयटर्स को बताया कि इलाके में सड़कें एकदम सुनसान हैं। सारी फैक्टरी और मॉल बंद कर दिए गए हैं। कई इलाकों में पानी का कनेक्शन भी काट दिया गया है। राहत बचाव कार्यों के लिए चीन ने पब्लिक लिबरेशन आर्मी के 3 हजार सैनिकों को 300 वाहनों के साथ काम पर लगाया गया है।तूफान के मद्देनजर, चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने शुक्रवार को एक रेड अलर्ट जारी किया, जो उसकी चार स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे गंभीर है। फिलिपींस में डोकसुरी तुफान में फंसी एक बोट पलटने से 36 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक बोट मनिला के पास तूफान में फंस गई।

# ताइवान को 28 हजार करोड़ का मिलिट्री पैकेज देगा अमेरिका- इसमें एयर डिफेंस और सर्विलांस सिस्टम शामिल; चीन बोला- इलाके में तनाव बढ़ाना बंद करो



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान के लिए 28 हजार करोड़ रुपए के मिलिट्री पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज में हथियार, मिलिट्री एजुकेशन और ट्रेनिंग भी शामिल है। अमेरिका ने इसकी घोषणा शुक्रवार को की है। व्हाइट हाउस ने ये नहीं बताया कि वो कौन से हथियार ताइवान को दे रहा है। हालांकि, कुछ अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया आउटलेट्स को बताया है कि पैकेज में पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम, पिस्टल, राइफल और दुश्मन पर नजर रखने के लिए जरूरी उपकरण भी शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस पैकेज से ताइवान भविष्य में उस पर होने वाले हमलों का जवाब देने के लिए तैयार रह पाएगा।

### ताइवान में तनाव न बढ़ाएं अमेरिका

अमेरिका के मिलिट्री पैकेज ने चीन को भड़का दिया है। वॉशिंगटन में चीन के दूतावास की प्रवक्ता ने कहा है अमेरिका इन हरकतों से ताइवान इलाके में तनाव बढ़ाना चाहता है। उन्हें ताइवान को हथियार बेचना तुरंत बंद करना चाहिए। दरअसल, अमेरिका जो हथियार ताइवान को दे रहा है, वो अलग से तैयार नहीं किए जा रहे हैं। ये हथियार खुद अमेरिका के रिजर्व से निकाल कर दिए जा रहे हैं। इससे ताइवान को उनकी डिलीवरी जल्द ही मिल जाएगी। अमेरिकी संसद ने राष्ट्रपति बाइडेन को ये अधिकार दिए हैं कि वो अपने रिजर्व से ताइवान को हथियार दे सकते हैं। अमेरिका इसी तरह से यूक्रेन की भी मदद कर रहा है। पेंटागन की डिप्टी डिफेंस सेक्रेटरी के मुताबिक यूक्रेन जंग से सबक लेकर अमेरिका हमले से पहले ही ताइवान को हथियार सप्लाई कर रहा है। उनका कहना है कि ताइवान के द्वीप होने की वजह से एक बार हमला शुरू होने के बाद अमेरिका को वहां तक हथियार पहुंचाने में परेशानी होगी।ताइवान को लेकर चीन की नीति काफी सख्त है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि साल की शुरुआत में ताइवान की राष्ट्रपति की अमेरिका विजिट से नाराज होकर चीन ने युद्ध अभ्यास शुरू कर दिया था। चीन का युद्धाभ्यास 3 दिनों तक जारी रहा था। ड्रिल के दौरान चीन ने ताइवान को 71 फाइटर जेट्स और 45 वॉर प्लेन से घेर लिया था।

### चीन ने ताइवान में 3 दिन ड्रिल की

अमेरिका ने 1979 में चीन के साथ रिश्ते बहाल किए और ताइवान के साथ अपने डिप्लोमैटिक रिश्ते तोड़ लिए। हालांकि, चीन के ऐतराज के बावजूद अमेरिका ताइवान को हथियारों की सप्लाई करता रहा। अमेरिका भी दशकों से वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करता है, लेकिन ताइवान के मुद्दे पर अस्पष्ट नीति अपनाता है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फिलहाल इस पॉलिसी से बाहर जाते दिख रहे हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि अगर ताइवान पर चीन हमला करता है तो अमेरिका उसके बचाव में उतरेगा। बाइडेन ने हथियारों की बिक्री जारी रखते हुए

# सिंगापुर में 20 साल बाद किसी महिला को फांस- जब्त की थी 31 ग्राम हेरोइन



**सिंगापुर।** सिंगापुर में शुक्रवार को एक 45 साल की महिला को फांसी की सजा दी गई है। वहां के सेंटर नार्कोटिक्स ब्यूरो ने बताया है कि सारीदेवी बिंते जमानी नाम की महिला से 2018 में 31 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। वहीं उसे 1 किलो हेरोइन बेचने का दोषी पाया गया था। इसी मामले में उसे फांसी की सजा हुई है। ब्यूरो ने बताया है कि जमानी को सजा देने के लिए पूरी तरह से कानून का पालन किया गया। सिंगापुर में पिछले 20 सालों में पहली बार किसी महिला को फांसी की सजा दी गई है। इससे पहले 2004 में एक 36 साल की हेयर ड्रेसर महिला ड्रग्स की तस्करी के जुर्म में फांसी दी गई थी।

### सिंगापुर में ड्रग्स की तस्करी पर मिलती है सजा-ए-मौत

सिंगापुर दुनिया के उन चंद देशों में से एक है जहां, ड्रग्स की तस्करी पर मौत की सजा मिलती है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक सिंगापुर नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में विदेशियों को भी नहीं बख्शता है। अप्रैल में सिंगापुर में एक तमिल नागरिक को सजा दे दी गई थी। 2018 में 46 साल के तंगराजू सुप्पैया को एक किलोग्राम गांजे की तस्करी करने के आरोप में फांसी की सजा सुनाई गई थी। यूनाइटेड नेशन्स ह्यूमन राइट काउंसिल ने फांसी की सजा का विरोध किया था।

## स्कूल में जय श्रीराम बोलने पर बच्चे को पीटा

# अभिभावकों के हंगामे के बाद प्रिंसिपल ने अरोपी टीचर को किया सस्पेंड

**कानपुर।** कानपुर किदवई नगर के मिशनरी स्कूल सेंट थॉमस में जय श्री राम का नारा लगाने पर छात्र को शिक्षक ने पीट दिया। इसके साथ ही, क्लास में हिदायत देते हुए कहा कि अगर किसी ने इस तरह का नारा लगाया तो उसका भी यही हाल होगा। क्षेत्रीय पार्षद और अभिभावकों ने इस बात को लेकर आपत्ति जताई और स्कूल में हंगामा किया। इसके बाद प्रिंसिपल ने टीचर को सस्पेंड कर दिया। पूरे मामले में जांच बैठाई है। बर्रा विश्वबैंक कालोनी निवासी अभिभावक सत्येंद्र द्विवेदी और हर्षित द्विवेदी ने बताया कि 25 जुलाई को कक्षा छह के छात्र अथर्व और शाश्वत स्कूल गए थे। आरोप है कि लंच के



वक्त बच्चे बाहर निकल रहे थे। इस दौरान कुछ बच्चों ने जय श्रीराम बोल दिया। टीचर चंदन क्रिस्टी ने बच्चों ने जय श्रीराम बोलते हुए सुन लिया। चंदन गुस्से में आ गए। दोनों बच्चों को खींचते हुए स्टाफ रूम में ले गए और बेरहमी से पीटा। ये मामला तब खुला, जब बच्चे घर पहुंचे। बच्चों के शरीर में चोट के निशान देखकर परिजनों ने पूछताछ की।

### हंगामा-बवाल पर अरोपी टीचर को किया सस्पेंड

मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने टीचर के खिलाफ स्कूल के प्रिंसिपल माल्विन डिसूजा से लिखित शिकायत दर्ज कराई। अभिभावकों के सामने टीचर को बुलाकर पूछताछ की गई। तो उन्होंने इस बात से इनकार किया। हालांकि क्लास में दूसरे बच्चों पूछताछ होने पर असलियत सामने आ गई। इसके बाद टीचर ने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी, लेकिन परिजनों ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सड़क किनारे अचानक मिला 10 साल से बिछड़ा पति



**बलिया।** बलिया से हैरान करने वाली खबर आई है। यहां सरकारी अस्पताल जा रही महिला को अचानक उसका 10 साल से लापता पति मिल गया। पति को भिखारी जैसी हालत में देखकर महिला भावुक होकर उससे लिपट कर रोने लगी। वह पति के पास जाकर बैठ गई। अपने हाथों से उसके बाल और चेहरे को साफ करने लगी। इस दौरान महिला बार-बार पति से पूछती रही- आप ठीक तो है न। फिर महिला पति को अपना दुपट्टा ओढ़ाती है।

### 21 साल पहले हुई थी दोनों की शादी

महिला का पति अस्पताल के गेट के पास ही बैठा हुआ था। उसके शरीर पर कपड़ा नहीं था। चेहरा और बाल बहुत गंदे थे। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था। महिला का नाम जानकी देवी है। उसके पति का नाम मोती चंद्र वर्मा है। ये दोनों देवकली थाना सुखपुरा के रहने वाले हैं। दोनों की शादी 21 साल पहले हुई थी। पत्नी जानकी देवी ने बताया, ÷मेरा पति मानसिक रूप से बीमार था और 10 साल पहले घर से अचानक कहीं चला गया था। तभी से मैं अपने पति को हर जगह तलाश कर रही थी, जो आज पूरी हो गई। इस घटना के वीडियो में पत्नी अपने पति के साथ सड़क के किनारे बैठी हुई है।

# हादसे में युवक की मौत- परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप और जाम की सड़क



परिजनों और पुलिस से हुई नोकझोंक।

**औरैया।** औरैया में होटल से खाना खाकर बाइक से घर लौट रहे युवक को रोड पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस युवक को अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है और जिला अस्पताल के बाहर गुस्साए परिजनों ने जाम लगा दिया। पुलिस से भी तीखी झड़प हुई। इस दौरान डीएम की कार भी जाम में फंस गई। डीएम की कार देखकर लोग हंगामा

### पुलिस से परिजनों की हुई झड़प

शहर के रोहाई मोहल्ला निवासी अंकित यादव (28) पुत्र प्रमोद यादव खाना खाने के लिए हाईवे स्थित फौजी होटल पर गया था। खाना खाकर बाइक से घर लौट रहा था। मिहौली के पास सड़क पार करके औरैया की ओर आने लगा। इसी बीच तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस उसे लेकर 50 शैया अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के दो बच्चे हैं। परिजन इसे हत्या बता रहे थे। पुलिस हादसा। इस बात से गुस्साए परिजनों ने जिला अस्पताल के बाहर जाम लगा दिया। पुलिस से झड़प हुई। करीब एक घंटे बाद जाम खुला। कोतवाली प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि परिजन जो तहरीर देंगे उस आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही हैं। करने लगे हालांकि कार में डीएम नहीं थी। पुलिस ने किसी तरह डीएम की कार निकलवाई। हादसा सदर कोतवाली के मिहौली के पास की है।

## सरकार का महत्वपूर्ण फैसला बच्चों के लर्निंग निखारेंगे डीटीएच चैनल्स

# योगी सरकार ने पीएम ई विद्या कार्यक्रम के तहत आवंटित 5 डीटीएच चैनल्स का किया शुभारंभ, बच्चों के विकास के लिए फैसला



**लखनऊ।** प्रदेश के भविष्य माने जाने वाले बच्चों के लर्निंग आउटकम को निखारने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश में पीएम ई विद्या कार्यक्रम के तहत 5 डीटीएच टीवी चैनल्स की शुरुआत कर दी है। यह चैनल्स शनिवार से डीडी फ्री डिश तथा डिश टीवी पर निःशुल्क उपलब्ध हो गए हैं। इस नई पहल के माध्यम से अब बच्चे विद्यालय के साथ घर में भी पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही शिक्षकों को भी पढ़ाई के नए तौर तरीके सीखने का अवसर मिलेगा। डीडी पीएम ई विद्या यूपी 177 स्टेज-2 (सेकेंडरी) क्लास 11 × 12 तक की पढ़ाई होगी।

### कक्षा और विषयवार शैक्षिक वीडियोज का होगा प्रसारण

निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की ओर से डायट प्राचार्यों, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पीएम ई विद्या डीटीएच चैनल्स के शुभारंभ की जानकारी दी है। पीएम ई-विद्या वन क्लास वन चैनल के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को 5 डीटीएच चैनल आवंटित किए गए हैं, जिसमें कक्षा 1 से 12 के विद्यार्थियों हेतु कक्षावार और विषयवार शैक्षिक वीडियोज का प्रसारण किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व प्राथमिक शिक्षा तथा दिव्यांग बच्चों के लिए भी उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वीडियो डीटीएच टीवी चैनलों पर प्रसारित किए जाएंगे। यूपी 173 प्रीपेरेटरी स्टेज आंगनवाड़ी/प्री स्कूल, क्लास 1 × 2 की पढ़ाई होगी।

### बच्चों की हर समस्या का मिलेगा समाधान

पीएम ई-विद्या कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में कक्षा 1-12 तक के पाठ्यक्रम पर आधारित उत्कृष्ट गुणवत्ता की शिक्षण सामग्री का प्रसारण 24ङ्7 रूप से डीटीएच चैनल्स पर किया जाएगा, जिससे विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही साप्ताहिक रूप से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए लाइव प्रसारण के कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा हो सकेगा। इन चैनल्स के माध्यम से प्रतिदिन नए विषय के प्रसारण के साथ-साथ उसका रिपीट टेलीकास्ट 24ङ्7 चलेगा। इससे बच्चे विषयवस्तु को आसानी से समझ सकेंगे तथा शिक्षकों को भी विभिन्न विषयों को विभिन्न तरीकों से पढ़ाने की जानकारी होगी। यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को उन्नत बनाने में सहायक होगी। डीडी पीएम ई विद्या यूपी 174 फाउंडेशनल स्टेज क्लास 3, 4 × 5 तक की पढ़ाई होगी । यूपी 176 स्टेज-1 क्लास 9 × 10 तक की पढ़ाई होगी।

# अंजू को पाकिस्तान में गिफ्ट में मिला 40 लाख का घर

**इस्लामाबाद।** फेसबुक वाले प्यार के लिए भारत से पाकिस्तान गई अंजू अब शायद ही वापस लौटे। दावा किया जा रहा है कि नसरुल्लाह से निकाह करने के बाद अंजू को पाकिस्तान के जाने-माने बिजनेसमैन ने 10वीं मंजिल पर एक फ्लैट दिया है। बाजार में इस फ्लैट की कीमत 40 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। ऐसे में अंजू के भारत लौटने पर आशंका जताई जा रही है। अंजू ने पहले भी इंटरव्यू में भारत वापस न लौटने की ओर इशारा किया है। तब अंजू ने कहा था कि अब भारत में उसके लिए कुछ नहीं बचा है। उसने दावा किया था कि भारत में उसकी सुरक्षा को खतरा है। अंजू ने एक टीवी चैनल के साथ इंटरव्यू में आरोप लगाया था कि भारत में मेरे खिलाफ तरह-तरह की बातें हो रही है। ऐसे में भारत लौटने पर मेरी सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा।

# मुरादाबाद में ताजिए दफन करने गए 3 बच्चे डूबे, एक की मौत

## बरसात की वजह से करबला में भरा है पानी



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद कबरला में ताजिए दफन करने गए 3 बच्चे डूब गए। इनमें से 2 को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि एक बच्चे की मौत हो गई। घटना मुरादाबाद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में जाफरपुर गांव की है। घटना के चश्मदीद जाफरपुर के ग्राम प्रधान के भाई सनून का कहना है कि ये हादसा शनिवार को दोपहर करीब 12¬30 बजे का है। उन्होंने बताया कि डींगरपुर गांव के कुछ बच्चे ताजिए लेकर दफन करने के लिए करबला पहुंचे थे। बारिश की वजह से करबला में पानी भरा है। ताजिए दफनाने के लिए खोदे गए गड्?ढे में 6 से 7 फीट तक पानी है। चश्मदीद का कहना है कि बच्चे ताजिए दफन करने आए तो उनमें से 5 बच्चे पानी के अंदर चले गए। मौजूद लोगों ने रोका भी लेकिन बच्चे अंदर गहरे पानी में ताजिए दफन करने की बात कहकर गहरे पानी में चले गए। थोड़ी देर बाद 2 बच्चे तो बाहर आ गए लेकिन 3 बच्चे नहीं निकले। आसपास खड़े लोगों की नजर पड़ी तो बच्चे पानी में डूबते नजर आए। एक युवक दौड़कर बच्चों को बचाने के लिए पानी में कूदा।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।